आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, शनिवार 08 नवंबर 2025

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 11
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

सीजन की सबसे ठंडी रात, पारा 7.6 डिग्री



पेज-2

फिलिप बने सूरमा हॉकी क्लब के हेड कोच



पेज-5

मध्यप्रदेश में एसआईआर उलझा



पेज-6

## न्यूज ब्रीफ

- काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर ने घाटी की कई जेलों में की छापेमारी
- उत्तर कोरिया ने दी हमले की धमकी, यूएस-दक्षिण कोरिया सुरक्षा वार्ता पर जताई कड़ी नाराजगी
- वाराणसी : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चार वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई
- कुपवाड़ा में सेना का 'ऑपरेशन पिम्पल', घुसपैठ की कोशिश में दो आतंकी ढेर
- बिहार चुनाव : पहले चरण के वोटिंग का लेटेस्ट आंकड़ा जारी, 65.8 प्रतिशत मतदाताओं ने डाला वोट
- एयर कंट्रोल में सुधार, तकनीकी खराबी को किया गया दुरुस्त- दिल्ली एयरपोर्ट
- ट्रंप को झटका, कोर्ट ने अमेरिकी शहरों में सेना भेजने के आदेश को बताया गैरकानूनी
- दिल्ली के रिठाला में एक झुग्गी बस्ती में लगी भीषण आग, मौके पर पहुंचीं दमकल की गाड़ियां
- बिहार : प्रियंका गांधी आज कदवा में चुनावी जनसभा को करेंगी संबोधित

# 10 करोड़ की सरकारी जमीन को दर्ज किया निजी, एसडीएम पर बैठी जांच



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ◘ डॉ. अंबेडकर नगर यानी महू तहसील के एसडीएम डिप्टी कलेक्टर राकेश परमार के एक आदेश पर जांच बैठ गई है। सरकारी जमीन को निजी के रूप में दर्ज करने का आरोप है। इस पर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने जांच बैठा दी है। ग्राम हरसोला के सर्वे नंबर 1010/4 की 1.214 हेक्टेयर इस जमीन की कीमत 10 करोड़ से ज्यादा बताई जाती है।

इस मामले में संभागायुक्त ने इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा से इस जमीन संबंधी आदेशों व अन्य दस्तावेज की जानकारी मांगी थी। कलेक्टर ने यह सभी दस्तावेज संभागायुक्त को भेज दिए हैं। परमार के खिलाफ आरोप पत्र जारी हुआ है। आरोप पत्र में कहा गया है कि महू एसडीएम रहते हुए आपने (एसडीएम राकेश परमार) 6 जून को ग्राम हरसोला की सर्वे नंबर 1010/4 की 1.214 हेक्टेयर सरकारी जमीन, जो पहले शासकीय चरनोई थी, उसे लक्ष्मीबाई पत्नी रामकिशन के नाम पर निजी तौर पर दर्ज करने का आदेश दिया था। यह आदेश न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 197/अपील/2024-25 के तहत 6 जून 2025 को पारित किया गया था।

आरोप पत्र में यह भी है कि इंदौर कलेक्टर ने केस 10/अ-39/2001-02 में पारित आदेश 18 अप्रैल 2022 द्वारा भू राजस्व संहिता 1959 के तहत धारा 182(2) में पट्टा निरस्त किया था। वहीं इसे शासकीय चरनोई घोषित किया गया था। आरोप पत्र में संभागायुक्त द्वारा लिखा गया है कि - अपील प्रकरण में आदेश पारित करने के पहले राजस्व अभिलेख का गंभीरता व सतर्कता पूर्वक अवलोकन नहीं किया गया। आपका (परमार) दायित्व था कि शासकीय भूमि को खुर्द-बुर्द होने से बचाकर उसे शासकीय उपयोग के लिए सुरक्षित रखें। यह आपके द्वारा नहीं किया गया और 6 जून को आदेश पारित किया गया। यह शासकीय काम के प्रति लापरवाही व नियमों की अवहेलना है। यह कदाचरण की श्रेणी में आता है। एसडीएम परमार पर मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 12(2) व 13(1) के अधीन कार्रवाई का आरोप पत्र जारी हुआ है। इस केस की शुरुआत 2001-02 से होती है। जमीन दर्ज कराने वाले आवेदक का कहना था कि 1994 से 2003 तक राजस्व रिकॉर्ड में जमीन उनकी थी। फिर हटा दी गई।

### मामला पहुंचा कलेक्टर के पास फिर रिव्यू का आदेश

यह मामला तत्कालीन कलेक्टर आशीष सिंह के पास पहुंचा था। उन्होंने जुलाई 2025 में इस जमीन को सरकारी बताते हुए एसडीएम के आदेश को रिव्यू कर संशोधित करने के लिए कहा था। इसके बाद रिव्यू के लिए एसडीएम ने अपर कलेक्टर के पास फाइल पहुंचाई और अपर कलेक्टर से मंजूरी मिली। यह रिव्यू केस अभी चल रहा है।

## हादसा : खंडवा के दो स्टूडेंट की मौत, तेज रफ्तार स्कॉर्पियों ने रौंदा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ◘ इंदौर में शुक्रवार देर रात हुए एक भीषण एक्सीडेंट में खंडवा के रहने वाले दो इंजीनियरिंग छात्रों की मौत हो गई। लाइफ केयर हॉस्पिटल के सामने देर रात करीब 2 बजे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने स्कूटी सवार तीन स्टूडेंट्स को टक्कर मारी। हादसे में कृष्णपालसिंह तंवर और आयुष राठौर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा छात्र गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है, जिसके ड्राइवर समेत चार युवक मौके से फरार हो गए। हादसे में जान गंवाने वाले दोनों मृतक (उम्र 20 वर्ष) खंडवा जिले के रहने वाले थे और इंदौर के प्रेस्टीज कॉलेज में बीटेक सेकेंड ईयर के छात्र थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि स्कॉर्पियो (जो नई थी और उसके बोनट पर माला टंगी थी) नक्षत्र चौराहे से तकरीबन 100 की स्पीड से आ रही थी। इसी दौरान पेट्रोल पंप के सामने बने डिवाइडर के कट से स्कूटी सवार तीनों युवक निकले, जिनको कार ने जोरदार टक्कर मारी। स्कूटी (स्क्र09 र्कं0714) डिवाइडर में फंसी हुई थी, जबकि युवक घिसटते हुए आगे फेंका गए। हादसे के तुरंत बाद स्कॉर्पियो सवार ड्राइवर सहित चार युवक कार से उतरकर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर थाना लसूड़िया पुलिस मौके पर पहुंची। डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया।

# आज राहुल गांधी पंचमढ़ी में लेंगे कांग्रेस नेताओं की क्लास

**दैनिक इंदौर संकेत**

**पंचमढ़ी** ◘ मध्यप्रदेश कांग्रेस के 71 जिलाध्यक्षों को पचमढ़ी में आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत 2 से हो चुकी है। साथ ही, यह 12 नवंबर तक आयोजित होगी। इस खास ट्रेनिंग शिविर में लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 8 नवंबर को उपस्थित होंगे। जानकारी के अनुसार, इस कार्यक्रम में राहुल गांधी दो दिन तक जिला अध्यक्षों को मार्गदर्शन देंगे। इससे पार्टी के कार्यकर्ताओं को आने वाली चुनावी चुनौतियों के लिए बेहतर तरीके से तैयार किया जा सके। वहीं, इस प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी शमिल होंगे।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्षों के साथ न केवल सार्वजनिक रूप से संवाद करेंगे, बल्कि वे उनसे व्यक्तिगत बातचीत भी करेंगे। इस बातचीत में वे जिला अध्यक्षों से उनके जिलों की सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों, चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा करेंगे। यह संवाद कांग्रेस को आगामी चुनावों के लिए एक मजबूत रणनीति तैयार करने में मदद करेगा। इस प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी शिरकत करेंगे, लेकिन उनका कार्यक्रम अभी तय नहीं हुआ है। प्रशिक्षण शिविर में प्रत्येक दिन का कार्यक्रम सुबहसे लेकर रात तक निर्धारित किया गया है। इसमें जिला अध्यक्षों को पूरे दिन के लिए एक विस्तृत शेड्यूल दिया जार रहा है। इसमें सुबह की सैर, योग, और ध्यान जैसी गतिविधियां शामिल है। इसके अलावा, इस प्रशिक्षण में कार्यकारिणी से लेकर ब्लॉक, मंडल, सेक्टर, वार्ड, ग्राम पंचायत और बूथ स्तर तक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का चयन कैसे करना है, इस पर भी पार्टी के वरिष्ठ नेता मार्गदर्शन दे रहे हैं। पचमढ़ी को इस कार्यक्रम के लिए चुना गया है क्योंकि यह एक शांतिपूर्ण स्थान है, जो शहरों की भागदौड़ से दूर है। यहां के फाइव स्टार रेटिंग वाले होटलों में नेताओं और विशेषज्ञों के लिए सुविधाएं उपलब्ध हैं। पचमढ़ी तक पहुंचने के लिए भोपाल से नजदीकी एयरपोर्ट और सड़क मार्ग हैं। इससे नेताओं और जिला अध्यक्षों को आयोजन स्थल तक पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं होगी।



### भविष्य की चुनावी तैयारी पर ध्यान केंद्रित

इस विशेष ट्रेनिंग में कांग्रेस के जिला अध्यक्षों को संगठनात्मक स्तर पर कार्य करने की पूरी जानकारी दी जा रही है। पचमढ़ी में होने वाली इस ट्रेनिंग में कार्यकर्ताओं को ब्लॉक, मंडल, सेक्टर, वार्ड, ग्राम पंचायत और बूथ स्तर तक संगठन बनाने की प्रक्रिया के बारे में बताया जाएगा। इसके साथ ही आगामी नगरीय निकाय चुनाव, पंचायत चुनाव, और 2028 विधानसभा चुनाव और 2029 लोकसभा चुनाव के लिए रणनीतियां तैयार की जाएंगी।

## फिर से लगेंगे 6 दिन शासकीय कार्यालय!

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ◘ मध्यप्रदेश के सरकारी दफ्तरों की व्यवस्था एक बार फिर से पहले जैसी हो सकती है। यानि कि सप्ताह में 5 दिन की जगह दिन सरकारी कार्यालयों में शासकीय कार्य सम्पन्न होंगे। इसका प्रस्ताव लगभग तैयार हो चुका, जिस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मुहर लगनी है। ऐसा माना जा रहा है कि जल्द ही इस प्रस्ताव को कैबिनेट में लाया जा सकता है। सरकार एक बार फिर से सरकारी दफ्तरों का कामकाज में पुराना तरीका अपनाने की तैयारी में है, यानि कि फिर से मंत्रालय से लेकर कलेक्ट्रेट तक के कार्यालय अब पांच की जगह 6 दिन खोले जाएंगे। यह सुझाव सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा बनाई गई समिति द्वारा दिया गया है। बताया गया है कि समिति ने देश के 10 से ज्यादा राज्यों के शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं में दिए जाने वाले अवकाशों का अध्ययन किया है। समिति ने सामान्य एवं ऐचिडक अवकाशों के बारे में भी उन राज्यों की जानकारी जुटाई है। अध्ययन के उपरांत समिति ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। इस मामले में समिति की अंतिम बैठक जल्द ही प्रस्तावित की गई है। बताया जा रहा है कि जल्द ही समिति की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें सुझाव और प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद ही प्रस्ताव को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष ले जाया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रस्ताव को लेकर सीएम और मुख्य सचिव अनुराग जैन के बीच मंथन होगा।

# डीएवीवी ने परीक्षा रद्द कर लापरवाही का मामला दबाया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ◘ देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। एलएलबी फिफ्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों की शुक्रवार को होने वाली भारतीय दंड संहिता की परीक्षा में बीएनएसएस का प्रश्न पत्र बांट दिया गया। पेपर खुलते ही छात्र-छात्राएं हैरान रह गए और परीक्षा केंद्रों पर हंगामे जैसे हालात बन गए। मामला सभी सेंटरों तक पहुंचा तो विश्वविद्यालय ने गलती छिपाने के लिए परीक्षा ही रद्द कर दी। सुबह 11 बजे शुरू हुई परीक्षा में जब विद्यार्थियों ने प्रश्न पत्र देखा तो उन्हें समझ आया कि यह विषय उनका नहीं है। देखते ही देखते विश्वविद्यालय के सभी सेंटरों से गड़बड़ी की खबरें आने लगीं। करीब एक घंटे तक परीक्षा केंद्रों पर अफरा-तफरी मची रही।



डीएवीवी प्रशासन ने परीक्षा रद्द कर दी और छात्रों को घर भेज दिया। गवर्नमेंट लॉ कॉलेज के अध्यक्ष नितिन दिलीप पटेल ने कहा कि यह विश्वविद्यालय की घोर लापरवाही है। विद्यार्थियों की मेहनत और समय दोनों बर्बाद हुए हैं। डीएवीवी को इस गलती की पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। छात्रों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। कुछ दिन पहले हुई एलएलबी फिफ्थ सेमेस्टर की भारतीय साक्ष्य अधिनियम परीक्षा में भी पुराना लॉ ऑफ एविडेंस पेपर दे दिया गया था। उस वक्त भी छात्रों के विरोध के बाद विश्वविद्यालय ने मामले को दबा दिया था। इस बार भी गलत पेपर छपवाने और परीक्षा रद्द होने से विश्वविद्यालय को वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा है। परीक्षा की प्रिंटिंग, डिलीवरी और आयोजन पर खर्च हुआ सारा पैसा बर्बाद हो गया।

**अद्भुत कारनामा** ट्रस्ट के नियमों का उल्लंघन : ट्रांसफर किए 3.25 करोड़, माहेश्वरी कॉलेज की छवि को लगा बट्टा, छात्र ले रहे हैं टीसी

# पुरुषोत्तम पसारी पर छात्रवृत्ति घोटाले का लोकायुक्त में दर्ज हुआ था प्रकरण!

सूत्रों के अनुसार राधेश्याम लड्डा द्वारा दान देकर नाम दिया गया था वर्ष 2002 में 6.50 लाख और यह एग्रीमेंट किया गया था कोई भी राशि कालेज के नाम से खर्च की जाएगी तो अन्य संस्था भी इसी नाम से बनाई जाएगी, परन्तु उस एग्रीमेंट को दरकिनार किया जा रहा है। कानूनी दृष्टि के अनुसार अगर एग्रीमेंट रद्द होता है तो यह पूरा कालेज राधेश्याम लड्डा के परिवार के पास चला जाएगा।

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ◘ ट्रस्ट मैदान के सबसे बड़े खिलाड़ी कहलाने वाले पुरुषोत्तम पसारी के ऊपर लोकायुक्त में छात्रवृत्ति घोटाले का भी प्रकरण दर्ज हुआ था! यह शिक्षा के क्षेत्र का एक बहुत बड़ा खिलाड़ी है। स्व. श्री बाबूलाल बाहेती एवं हरिकिशन मुछाल ने जिस मेहनत और लगन के साथ वैष्णव ट्रस्ट की स्थापना की थी और उसको ऊंचाइयों तक पहुंचाया था, लेकिन पुरुषोत्तम पसारी के कारनामों ने इस ट्रस्ट को भी गर्त में लाकर खड़ा कर दिया है। कॉलेज सूत्रों के अनुसार पुरुषोत्तम पसारी जोड़तोड़ करके दो वर्ष पहले ही माहेश्वरी के ट्रस्ट के अध्यक्ष बने हैं। उसके बाद ऐसा लगता है उनके बैठते ही माहेश्वरी ट्रस्ट पर शनि की कुदृष्टि आ गई है।



अच्छा-भला चल रहा कॉलेज को वे गर्त में ले जाने में लग गए हैं। समाजजन अचंभित है कि एक ऐसे व्यक्ति को हमारी संस्थान में अध्यक्ष बना दिया? जिसके ऊपर पूर्व से ही कई प्रकरण दर्ज है। सूत्रों के अनुसार दबी जुबान में कई लोग इसे शिक्षा माफिया कहते हैं। ताजा मामला यह है कि उन्होंने अध्यक्ष बनने के बाद ही कॉलेज के प्रेसिडेंट रामअवतार जाजू के माध्यम से कॉलेज के खाते से 3.25 करोड़ रुपए ट्रस्ट के अकाउंट में ट्रांसफर करा लिए। इसके लिए न कोई प्रस्ताव पास हुआ, न ही ऐसा कोई नियम है। बताया गया कि इस रकम का ट्रस्ट क्या करेगा? ट्रस्ट ने इसके पहले भी कॉलेज के अकाउंट से बतौर लोन पैसा लिया था। जिसका जिक्र अकाउंट सेक्शन में है। आरपीएल माहेश्वरी कॉलेज इन दिनों माहेश्वरी ट्रस्ट की मनमानियों की मार झेल रहा है। कॉलेज को ट्रस्ट अपनी कमाई का जरिया बनाना चाह रहा है। इसीलिए तो 2025 के 10 महीनों में कॉलेज के अकाउंट से ट्रस्ट ने 3.25 करोड़ रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर किए हैं। इस बार ऐसे किसी कारण का उल्लेख नहीं है। कॉलेज में अकेडमिक स्टाफ और मैनेजमेंट के बीच तनातनी जारी है। जिसका खामियाजा स्टूडेंट्स और कॉलेज चुका रहे हैं। बताया जा रहा है कि 100 छात्र-छात्राओं से अधिक टीसी निकाल चुके हैं, जिन्होंने जुलाई में ही एडमिशन लिया था। इसमें कई फस्ट ईअर में हैं। जिस कॉलेज ने अपने पैसों से कॉलेज परिसर में स्कूल की बिल्डिंग बनवा दी।

> मैं अभी बाहर हूं। इस संबंध में सोमवार को आकर विस्तृत जानकारी दे पाऊंगा।
>
> **- रामअवतार जाजू**
> माहेश्वरी ट्रस्ट

> इस संबंध में जब ट्रस्ट अध्यक्ष पुरुषोत्तम पसारी से जब इनका पक्ष जानना चाहा तो फोन पर जवाब नहीं आया। वाट्सअप पर भी मैसेज किया, किन्तु कोई जवाब नहीं मिला।

### नियमों के खिलाफ है फंड ट्रांसफर

सोसायटी के जानकार बताते हैं कि कॉलेज आरपीएल माहेश्वरी विद्यालय ट्रस्ट द्वारा संचालित है। ये ट्रस्ट फर्म एंड सोसायटी में पंजीबद्ध है। इसके बायलॉज के अनुसार कॉलेज के फंड को ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। विश्वविद्यालय परिनियम कॉलेज कोड 28 के तहत कॉलेज का पैसा उसकी फाउंडेशन सोसायटी भी नहीं ले सकती। पैसे का उपयोग कॉलेज में शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार और स्टाफ के निमित वेतन पर खर्च होना चाहिए। ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ टेक्निकल एज्यूकेशन कॉलेजों को मान्यता देती है। उसके द्वारा एडमिशन एंड फीस रेग्यूलेटरी कमेटी है, जिसके तहत कॉलेज का पैसा ट्रांसफर इन सभी जगह कॉलेज के अध्यक्ष या ट्रस्ट को शपथ-पत्र के साथ लिखकर देना पड़ता है कि वह भविष्य में इन संस्थाओं के नियमों का पालन करेगा? वहीं माहेश्वरी कॉलेज के पैसे का मनमाना उपयोग करके माहेश्वरी ट्रस्ट सभी के मापदंडों का उल्लंघन कर रहा है। कॉलेज की साख गिरने लगी है।

## न्यूज ब्रीफ

### मंत्री श्री काश्यप 9 नवम्बर को इंदौर आएंगे

**इंदौर** ● प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप 9 नवम्बर को इंदौर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री काश्यप रविवार को शाम 8.10 बजे इंदौर एयरपोर्ट आएंगे। यहां से वे मेरियट होटल के लिए रवाना होंगे। वे यहां एमपी कॉटन जिनर्स एण्ड ट्रेडर्स एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय सभा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे रात्रि विश्राम इंदौर में ही करेंगे।

### साप्ताहिक प्राकृतिक कृषि उत्पाद विक्रय केन्द्र का शुभारंभ आज शनिवार को

**इंदौर** ● कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले में प्राकृतिक कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु एक नई पहल की जा रही है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में ढक्कनवाला कुआं स्थित ग्रामीण हाट बाजार में प्राकृतिक (गौ-आधारित) कृषि उत्पादों का साप्ताहिक विक्रय केन्द्र स्थापित किया जा रहा है। इस विक्रय केन्द्र का उद्घाटन शनिवार 8 नवम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य इंदौर जिले के प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों के उत्पादों को प्रोत्साहन देना और उपभोक्ताओं को रसायनमुक्त एवं शुद्ध खाद्य सामग्री सीधे किसानों से उपलब्ध कराना है। इस केन्द्र पर किसान स्वयं उपभोक्ताओं को प्राकृतिक रूप से उत्पादित दालें, हल्दी, मसाले, सब्जियाँ, चिया सीड, अश्वगंधा, कलौंजी, अनाज सहित अन्य गौ-आधारित उत्पाद विक्रय करेंगे। इस पहल से किसानों को विपणन का सीधा मंच मिलेगा और नागरिकों को सुरक्षित, जैविक तथा पौष्टिक खाद्य सामग्री प्राप्त होगी।

### 11 को मैराथन दौड़ का होगा आयोजन

**इंदौर** ● विधिक सेवा सप्ताह 9 नवम्बर से 14 नवम्बर तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रशासन, पुलिस एवं शासन के अन्य विभागों के समन्वय से पैरालीगल वालेंटियर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पैनल अधिवक्ता, न्यायालयीन / विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी तथा विधिक सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे स्थानीय एनजीओं एवं स्वयं सेवी संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में विधिक जागरूकता हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अजय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में 11 नवम्बर 2025 को एक मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। मैराथन दौड़ के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा जिले के उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मैराथन दौड़ के सफल आयोजन के संबंध में विभिन्न बिन्दुओं पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिया गया है कि मैराथन दौड़ जिला न्यायालय परिसर, इन्दौर से प्रातः 07 बजे प्रारंभ होकर पलासिया चौराहा होते हुए जिला न्यायालय परिसर, इन्दौर में समापन होगा।

# पार्षदों में बढ़ रहा असंतोष, पार्टी को दो साल बाद होने वाले चुनाव की चिंता

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● विधानसभा 3 और 5 के बाद अब 4 नंबर और राऊ के पार्षदों की पीड़ा खुलकर सामने आई है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़ व मधु वर्मा के साथ शुक्रवार को हुए संवाद में पार्षदों ने कहा, अनसुनी, अनदेखी अफसर कर रहे। जनता आरोप हम पर लगाती है। समझना चाहिए जनता के खून-पसीने की कमाई से मिल रहे टैक्स से तनख्वाह मिल रही है। कांग्रेस के पार्षदों ने तो यहां तक कह दिया कि महापौर-विधायक जी! सोचें, जब आपके पार्षदों की सुनवाई नहीं हो रही तो हम कैसे काम कर रहे हैं?

भाजपा पार्षद बोले- पैचवर्क से शहर वाकिफ है। पानी की स्थिति खराब है। यदि अभी से सुधार नहीं किया तो गर्मी में हाहाकार मचेगा। हमें अपनी ही परिषद के खिलाफ सड़कों पर उतरने की नौबत आ जाएगी। जरूरी है, अभी से संभल जाएं। विधायक मालिनी गौड़ ने टीडीआर पॉलिसी का मुद्दा उठाया और कहा कि इसका फायदा लोगों को क्यों नहीं मिल रहा। उन्होंने विश्राम बाग के अधूरे प्रोजेक्ट पर भी सवाल उठाया।

सुनीता हार्डिया (वार्ड 74) : गड्ढे ऐसे भरे गए कि वाहन चालकों के हाथ-पैर टूट रहे। पीपल्यापाला कैचमेंट में अतिक्रमण हो गया है।

कुणाल सोलंकी (वार्ड 75) : पालदा से नायता मुंडला रोड 30 फीट क्यों बना रहे। इसमें ड्रेनेज नहीं डालने से पानी बह रहा है। यहां लगने वाले दोनों हाट बाजार भी शिफ्ट करने की जरूरत है। देवगुराड़िया रोड पर कब्जे हैं।

सीमा सोलंकी (वार्ड 76) : विधायक के पत्र के बाद भी सरकारी स्कूल में शेड नहीं बन सका। नालों पर अतिक्रमण हो रहे हैं। बिचौली व बायपास मार्ग पर अतिक्रमण से ट्रैफिक जाम होता है। हाईमास्ट नहीं लगे। 19 उद्यान बदहाल हैं। जोन पर कोई सुनता ही नहीं है। 2 उद्यान की फाइल ही गायब हो गई।

योगेश गेंदर (वार्ड 72) : सबसे स्वच्छ वार्ड की सफाई व्यवस्था ही चरमरा गई है। गंदा पानी आ रहा है। दशहरा मैदान के आसपास अवैध दुकानें लग गई हैं। इस पर जल कार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बोले, इसमें अफसरों की लापरवाही है। गड्ढों में लीकेज छोड़ दिए।

नितिन शर्मा शानू (वार्ड 82) : ड्रेनेज की समस्या है। डी व ई सेक्टर में लोगों को पानी ही नहीं मिलता है। इस पर महापौर ने कहा, आप कहें तो कल से शुरू करवा देते हैं। हमारी तैयारी पूरी है।

मीता राठौर (वार्ड 69) : धरोहर मार्ग से ट्रांसफॉर्मर नहीं हटा। महेश नगर में ड्रेनेज का काम शुरू नहीं हो सका। सड़कें चौड़ी की गई, पर ठेले वाले जमे हैं। टंकी नहीं चंदा मामा हो गई, न जाने कब बनेगी

भारत रघुवंशी (वार्ड 70) : काम स्वीकृत हैं। ठेकेदार ऑर्डर लेकर बैठ गए। काम नहीं कर रहे। पूरे वार्ड में गंदा पानी आता है।

हरप्रीत कौर लूथरा (वार्ड 71) : संजीवनी क्लिनिक बना दिया, इसे शुरू नहीं किया, बाउंड्रीवॉल भी नहीं बनी, पशु बैठ रहे हैं। पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं।

# दीपावली मिलन और अन्नकूट महोत्सव में झलका समाजिक एकता का उजास



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री अग्रोहा कुंज परिवार, खंडवा रोड अग्रवाल समाज की प्रमुख संस्था द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं अंकूट महोत्सव का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में परिजनों की उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम में समाज के संरक्षक नंदकिशोर अग्रवाल, समन्वयक डॉ. अमिताभ गोयल (जुपिटर हॉस्पिटल), प्रतोष बंसल जी (देवी अहिल्या विश्वविद्यालय), आकाश बंसल , वरिष्ठ समाजसेवी राकेश गोयल, ओमप्रकाश अग्रवाल, मुकेश जैन और अनिल सिंघल का विशेष सम्मान किया गया। इन सभी के समाजसेवा और संगठनात्मक योगदान को उपस्थित जनसमूह ने तालियों से सराहा। नवीन कार्यकारिणी का परिचय एवं सम्मान भी किया गया। अध्यक्ष मनीष वेश्य, महिला अध्यक्ष सपना संजय अग्रवाल, सचिव परेश बिंदल, उपाध्यक्ष हेमंत अग्रवाल, महिला उपाध्यक्ष शिवानी अग्रवाल, सहसचिव अमित मित्तल, कोषाध्यक्ष मिनेश बंसल, प्रचार प्रसार मंत्री मनीष (महू) और मंत्री आशीष मनु अग्रवाल को उनके पदों का दायित्व सौंपते हुए शुभकामनाएं दी गईं। सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियों ने माहौल को उल्लासमय बना दिया।

# केमिस्ट्री लैब में हुई घटना पर प्रशासन ने मौका स्थल पहुंच कर लिया स्थिति का जायजा



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर के झलारिया स्थित शिशु कुंज इन्टरनेशनल स्कूल की केमिस्ट्री लैब में आज हुई एक घटना में सभी बच्चे और शिक्षक सुरक्षित हैं तथा किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन का अमला मौके पर पहुंचा। प्रशासनिक दल ने स्थिति का जायजा लिया।

एसडीएम ओम नारायण बड़कुल ने बताया कि स्थिति अब पूरी तरह से सामान्य है। सभी बच्चे और शिक्षक सुरक्षित हैं तथा किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। बताया गया कि लैब में शिक्षक और कक्षा 7 के विद्यार्थी प्रेक्टिकल कर रहे थे, शिक्षकों एवं बच्चों पर प्रयोग सामग्री के छिंटे आने से जलन सी महसूस हुई। जिन्हें तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया। सूचना मिलते ही कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। जिसमें एसडीएम ओमनारायण बड़कुल, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट संगीता गोलिया, फायर सेफ्टी आफिसर विनोद मिश्रा, राजस्व निरीक्षक श्रीराम राठौड़, पटवारी मनोज पटेल आदि द्वारा मौका जाँच कर निरीक्षण किया गया। शिशुकुंज स्कूल के प्रबंधन की ओर से महेन्द्र ठाकुर द्वारा घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि विद्यार्थी व शिक्षक सुरक्षित हैं।

# देपालपुर को मिली बड़ी सौगात, दोशी टोयोटा की सेवा अब नगर में

### बड़े शहरों जैसी सौगातों का देपालपुर में प्राप्त होना बड़ी उपलब्धि : हिदायत उल्ला खान

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

नगरवासियों के लिए बड़ी सौगात के रूप में अब दोशी टोयोटा की सेवा देपालपुर में शुरू हो गई है। इससे अब वाहन संबंधी कार्यों के लिए शहर जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

शोरूम का शुभारंभ जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर में दोशी टोयोटा का आना न केवल शहर बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए भी सुविधा जनक रहेगा। पहले ऐसे वाहनों के लिए बड़े शहरों में जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों का व्यय होता था। अब यह सुविधा स्थानीय स्तर पर मिलने लगी है, जो सराहनीय पहल है।



इस मौके पर उन्होंने टोयोटा कंपनी के एमडी अपूर्व दोशी को शुभकामनाएं दीं। शुभारंभ अवसर पर शोरूम संचालक लखन पटेल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सीईओ अतुल नागर, सीएम प्रमोद चौधरी, सेल्स मैनेजर सतकरतार सिंह सिद्धू, नितिशा पाल एवं योगेन्द्र सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

इंदौर रोड स्थित शासकीय भागीरथ सिलावट महाविद्यालय के सामने खुले इस नए शोरूम में टोयोटा की सभी मॉडल की गाड़ियां उपलब्ध रहेंगी। नगरवासियों ने इस सुविधा के लिए प्रसन्नता व्यक्त की और इसे देपालपुर की प्रगति की दिशा में अहम कदम बताया।

# जिले में करीब 100 शिविरों के आयोजन अब तक एक हजार ने लिया छूट का लाभ

### समाधान योजना में लगेंगे 400 से ज्यादा शिविर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● प्रदेश शासन द्वारा लागू बिजली बकाया बिलों की समाधान योजना के लिए पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रभावी तैयारी कर अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को छूट दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। अब तक कंपनी के अधीन एक हजार उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया हैं, इन उपभोक्ताओं को करीब तेरह लाख की छूट की पात्रता रही, कंपनी को 83 लाख रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। कंपनी क्षेत्र में 400 से ज्यादा शिविरों की तैयारी की



गई है। इसमें इंदौर शहर में 60 और इंदौर ग्रामीण सर्कल के अधीन करीब 40 शिविरों का संचालन क्रमशः किया जाएगा।इसी तरह देवास जिले में 100, उज्जैन जिले में 60, धार में 50, शाजापुर में 22, आगर में 11 शिविर लगेंगे।

अन्य जिलों, विद्युत कंपनी वृत्त के अधीन भी जोन, वितरण केंद्र में समाधान योजना अंतर्गत शासन के आदेश पर एकमुश्त बकाया राशि और किश्तों में बकाया राशि जमा करने पर पात्रतानुसार छूट देने के लिए शिविरों का संचालन प्रभावी रूप से होगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर योजना के लिए पोस्टर, बैनर, वाट्सएप, वीडियो, ऑडियो के माध्यम से जानकारी प्रदान की जा रही है। मप्र शासन द्वारा लागू तीन माह से अधिक के बकाया बिलों के लिए समाधान योजना में बकायादारों के राशि जमा करने पर मौजूदा सरचार्ज 50 से 100 फीसदी तक पात्रतानुसार दिया जा रहा हैं।

# बीजेपी ने जिराती के खास अंकित परमार को दिया नोटिस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● बीजेपी के दफ्तर पर 28 अक्टूबर को हुई शर्मनाक कालिख पोतने वाली घटना में आखिरकार संगठन ने कार्रवाई की दिशा में पहला कदम उठाया। वह भी घटना के 10 दिन बाद। बीजेपी के पूर्व विधायक जीतू जिराती के करीबी अंकित परमार जो सोशल मीडिया विभाग सह संभाग प्रभारी बीजेपी है, उन्हें नोटिस थमा दिया गया है। प्रदर्शन के दौरान मिलाप मिश्रा ने बीजेपी नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा के पहले पोस्टर और फिर दफ्तर में घुसकर नेम प्लेट पर कालिख पोती थी।

बीजेपी नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा द्वारा जारी नोटिस में जीतू जिराती का पूरा बचाव किया गया है। अंकित परमार जो पूरी तरह से जिराती के समर्थक है, उन्हें मिलाप मिश्रा के साथ संलिप्त बताया गया है। मिलाप भी वैसे जिराती और जिराती के कट्टर समर्थक नीलेश चौधरी का खास है और 24 घंटे नीलेश के साथ रहता है। उसे बीजेपी ने कांग्रेसी कार्यकर्ता बताया है। जिससे मामला बीजेपी का अंदरूनी विवाद ना बताकर कांग्रेसी साजिश बताया जाए। नोटिस में लिखा गया है कि बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार आपको कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है। 28 अक्टूबर को बीजेपी दफ्तर पर हुए निंदनीय घटनाक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ता मिलाप मिश्रा के साथ आपकी संलिप्तता स्पष्ट प्रदर्शित होती है। अतः सात दिन के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। अन्यथा आप पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# सीजन की सबसे ठंडी रात, पारा 7.6 डिग्रीः औसत से 8 डिग्री कम होने से बढ़ी सर्दी, बर्फीली हवा ने बढ़ाई कंपकंपी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● दो दिनों से ठंड के तेवर तेज होते जा रहे हैं। गुरुवार को रात का पारा 2 डिग्री गिरकर 10.3 (-5) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। इसके बाद शुक्रवार रात इसमें 3 डिग्री की गिरावट आई और 7.6 (-8) डिग्री सेल्सियस पर आ गया। यह औसत से 8 डिग्री कम होकर इस सीजन की सबसे ठंडी रात रही।

रातभर ठंड ने काफी कंपकंपाया। सुबह भी काफी ठंड रही और फिर धूप खिल गई। मौसम वैज्ञानिकों ने आज भी सर्द रात होने का अनुमान जताया है।

शुक्रवार को भी दोपहर तक हवा में ठंडेपन का एहसास होता रहा। इस दौरान अधिकतम तापमान 28.3 (-3) डिग्री दर्ज किया गया। दिन का पारा औसत से 5 डिग्री कम होता तो शुक्रवार इस सीजन का पहला कोल्ड डे घोषित हो जाता। बहरहाल अभी ठंड के तेवर जिस तरह से बने हुए हैं, उस हिसाब से इसी महीने कोल्ड डे की स्थिति बन सकती है।

अभी पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के बाद



उत्तरी हवा वहां से ठंडक ला रही है। सीजन में पहली बार सुबह 10 बजे तक भी ठंड महसूस हो रही थी। अच्छी बात यह है कि अगले 8-10 दिन भी ठंड किसी तरह से प्रभावित नहीं होने वाली है। मौसम पूरी तरह साफ रहेगा।

#### ...इसलिए कोल्ड डे घोषित नहीं

- लगातार दो दिनों तक न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम हो, जो नहीं हुआ है।
- अधिकतम तापमान भी सामान्य से 4.5 से लेकर 6.4 डिग्री कम हो, यह सामान्य से सिर्फ 3 डिग्री कम था।
- मौसम विशेषज्ञों की माने तो प्रदेश में आमतौर पर ठंड की दस्तक नवंबर के दूसरे पखवाड़े से होती है। यानी 15 नवंबर से ठंड का असर तेज होता है, जो जनवरी तक रहता है, लेकिन इस बार तेज सर्दी का असर एक हफ्ते पहले से ही हो रहा है।

एक्सपर्ट बताते हैं कि मानसून के बाद जैसे-जैसे नमी घटती है, रातें जल्दी ठंडी होने लगती हैं। पहाड़ों पर बर्फबारी होती है, बर्फ पिघलती है और ठंडी हवा मैदानों तक आती है। हवा का रुख दक्षिण-पश्चिमी से उत्तर-पूर्वी दिशा में होता है, जिसे 'विंड पैटर्न सेट होना' कहा जाता है। इन सभी वजहों से प्रदेश में ठंड का असर बढ़ा है।

इंदौर में 2015 से 2024 के बीच न्यूनतम तापमान कभी भी इतने नीचे नहीं पहुंचा। साल 2017, 2020 और 2022 में पारा जरूर 11 डिग्री के आसपास रहा था।

# समाधान योजना में लगेंगे 400 से ज्यादा शिविर

### इंदौर जिले में करीब 100 शिविरों के आयोजन, अब तक एक हजार ने लिया छूट का लाभ

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● प्रदेश शासन द्वारा लागू बिजली बकाया बिलों की समाधान योजना के लिए पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रभावी तैयारी कर अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को छूट दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। अब तक कंपनी के अधीन एक हजार उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया हैं, इन उपभोक्ताओं को करीब तेरह लाख की छूट की पात्रता रही, कंपनी को 83 लाख रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। कंपनी क्षेत्र में 400 से ज्यादा शिविरों की तैयारी की गई है। इसमें इंदौर शहर में 60 और इंदौर ग्रामीण सर्कल के अधीन करीब 40 शिविरों का संचालन क्रमशः किया जाएगा।इसी तरह देवास जिले में 100, उज्जैन जिले में 60, धार में 50, शाजापुर में 22, आगर में 11 शिविर लगेंगे। अन्य जिलों, विद्युत कंपनी वृत्त के अधीन भी जोन, वितरण केंद्र में समाधान योजना अंतर्गत शासन के आदेश पर एकमुश्त बकाया राशि और किश्तों में बकाया राशि जमा करने पर पात्रतानुसार छूट देने के लिए शिविरों का संचालन प्रभावी रूप से होगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर योजना के लिए पोस्टर, बैनर, वाट्सएप, वीडियो, ऑडियो के माध्यम से जानकारी प्रदान की जा रही है। मप्र शासन द्वारा लागू तीन माह से अधिक के बकाया बिलों के लिए समाधान योजना में बकायादारों के राशि जमा करने पर मौजूदा सरचार्ज 50 से 100 फीसदी तक पात्रतानुसार दिया जा रहा हैं।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

इंदौर, शनिवार 08 नवंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

## पंचमढ़ी में वानखेड़े के परिवार से मुलाकात करेंगे राहुल गांधी

**इंदौर •** मध्यप्रदेश के पंचमढ़ी में चल रहे जिला कांग्रेस अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में आज कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी प्रशिक्षण शिविर में जहां जिला अध्यक्षों का मार्गदर्शन कर संगठनात्मक गतिविधियों को संचालित करने के लिए मार्गदर्शित करेंगे, वहीं अनेक जिला कांग्रेस अध्यक्षों से मुलाकात भी करेंगे, इसी कड़ी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी इन्दौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के परिवार से व्यक्तिगत मुलाकात भी करेंगे। जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरिश चौधरी भी साथ रहेंगे।

## गोहत्या का कलंक मिटाने के लिए राजवाड़ा एवं गोपाल मंदिर पर प्रदर्शन

**इंदौर •** गो-सेवा भारती एवं चैतन्य भारत द्वारा गुरुवार को राजबाड़ा स्थित देवी अहिल्याबाई प्रतिमा के समक्ष उन गो भक्तों की स्मृति में दीप प्रज्ज्वलित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिन्होंने गोपाष्टमी, 7 नवम्बर 1966 को दिल्ली में गो हत्या प्रतिबंध की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था और जिन्हें तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने पुलिस से गोली चलवाकर उनकी हत्या करा डाली थी। इन गो भक्तों की शहादत और बलिदान की स्मृति को जिंदा रखने के लिए आज ' गो भक्तों का बलिदान याद रखेगा हिन्दुस्तान', .... ' अहिल्या माता की जय'.... और 'गो माता की जय' जैसे नारों से आसमान गुंजायमान बनाए रखा। सभी गो भक्तों ने मौन रैली निकालकर हाथों में गोहत्या बंद करने के समर्थन में लिखी तख्तियां लेकर परिक्रमा की और गोपाल मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में प्रार्थना पत्र समर्पित कर गोहत्या के कलंक को भारत के मस्तक से मिटाने की प्रार्थना की।

# प्रदेश में कड़ाके की ठंड...नवंबर में रिकॉर्ड टूटा, पचमढ़ी से भी ठंडे भोपाल-इंदौर

**भोपाल (एजेंसी) •** मप्र के इस बार कड़ाके की ठंड पड़ेगी। इसकी शुरुआत नवंबर के दूसरे सप्ताह में ही हो गई है। बीती दो रात से पारा रिकॉर्ड लुढ़का है। इंदौर में नवंबर की सर्दी का 10 साल का रिकॉर्ड भी टूट गया। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन ऐसे शहर हैं, जहां हिल स्टेशन पचमढ़ी से भी ज्यादा सर्दी है। ठंड की वजह से झाबुआ में स्कूलों की टाइमिंग बदली जा चुकी है। मौसम विशेषज्ञों की माने तो प्रदेश में आमतौर पर ठंड की दस्तक नवंबर के दूसरे पखवाड़े से होती है। यानी 15 नवंबर से ठंड का असर तेज होता है, जो जनवरी तक रहता है, लेकिन इस बार तेज सर्दी का असर एक सप्ताह पहले से ही हो रहा है। एक्सपर्ट बताते हैं कि मानसून के बाद जैसे-जैसे नमी घटती है, रातें जल्दी ठंडी होने लगती हैं। पहाड़ों पर बर्फबारी होती है, बर्फ पिघलती है और ठंडी हवा मैदानों तक आती है। हवा का रुख दक्षिण-पश्चिमी से उत्तर-पूर्वी दिशा में होता है, जिसे 'विंड पैटर्न सेट होना' कहा जाता है। इन सभी वजहों से प्रदेश में ठंड का असर बढ़ा है।

### दो रात में ही पारा 10 डिग्री के नीचे आया

मौसम विभाग के अनुसार, पिछली दो रातों में ही प्रदेश में रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे आ गया।



गुरुवार-शुक्रवार की रात ज्यादा ठंडी रही। सबसे ठंडा राजगढ़ रहा। यहां एक ही रात में 2 डिग्री की गिरावट के बाद तापमान 9 डिग्री पर आ गया। इंदौर में 10.3 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। साल 2015 से 2024 के बीच न्यूनतम तापमान कभी भी इतने नीचे नहीं पहुंचा। साल 2017, 2020 और 2022 में पारा जरूर 11 डिग्री के आसपास रहा था।

### भोपाल में 2 डिग्री नीचे आया पारा

भोपाल में पारा 2 डिग्री नीचे आ गया। रात में यह 11 डिग्री दर्ज किया गया। पिछले 10 साल में से 5 बार ऐसा हुआ है, जब पारा इतना नीचे आया हो। ग्वालियर में 11.3 डिग्री, जबलपुर में 14.6 डिग्री और उज्जैन में 13 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### सभी शहरों में तापमान में गिरावट

मौसम विभाग की मानें तो गुरुवार-शुक्रवार की रात में प्रदेश के सभी शहरों में पारे में गिरावट दर्ज की गई। दतिया में 11.1 डिग्री, गुना में 12.2 डिग्री, धार में 12.4, रीवा में 12.5 डिग्री, श्योपुर-नौगांव में 13 डिग्री, बैतूल में 13.2 डिग्री, उमरिया में 13.8 डिग्री, टीकमगढ़ में 14 डिग्री, सागर में 14.2 डिग्री, रतलाम में 14.5 डिग्री, सतना में 14.9 डिग्री, छिंदवाड़ा-दमोह में 15 डिग्री सेल्सियस रहा।

## एमजीएम मेडिकल कॉलेज की एचआईवी परीक्षण लैब को एनएबीएल की मान्यता मिली

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। विभाग की को नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेट्रीज़ (एनएबीएल) द्वारा आईएसओ15189:2022 मानक के अंतर्गत मान्यता प्राप्त हुई है। यह प्रमाणन विभाग की गुणवत्ता, सटीकता एवं वैज्ञानिक दक्षता का अंतरराष्ट्रीय अनुमोदन है, जो मेडिकल प्रयोगशालाओं में विश्वसनीयता और सतत गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। विभागाध्यक्ष (डॉ.) मनीष पुरोहित ने कहा, यह प्रमाणन, विभाग में किए जाने वाले एचआईवी परीक्षणों की अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता और विश्वसनीयता का प्रमाण है। यह उपलब्धि अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) अरविन्द घनघोरिया के मार्गदर्शन, भोपाल के सहयोग एवं विभागीय टीम के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) अरविन्द घनघोरिया ने कहा, मान्यता, संस्थान की उत्कृष्टता और गुणवत्ता संस्कृति का प्रतीक है। यह पूरे प्रदेश के चिकित्सा शिक्षण संस्थानों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। यह उपलब्धि परियोजना संचालक भोपाल, डॉ. नवाज शेख, डॉ. महेन्द्र जैन, तथा विभागीय टीम के सामूहिक प्रयासों से संभव हुई है। यह प्रमाणन एचआईवी परीक्षण सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता और उत्कृष्टता का सशक्त प्रतीक है।

# दूल्हे ने दुल्हन से कहा-तुम्हारे गहने बहुत हल्के हैं, टूट गई शादी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** शहर के एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है, जहां दहेज विवाद के चलते पूरी बारात बिना दुल्हन के ही वापस लौट गई। यह घटना एमजी रोड थाना क्षेत्र की है, जहां 4 नवंबर को दूल्हा गौरव अपनी बारात लेकर दुल्हन के घर पहुंचा था। शादी की रस्में चल ही रही थीं कि अचानक एक मामूली बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि पानी की बोतल उठाने को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो धीरे-धीरे दहेज की मांग तक जा पहुंची। दुल्हन पक्ष के अनुसार, दूल्हे गौरव और उसकी मां तरुणा ने शादी के दौरान लाखों रुपये के दहेज की मांग की और कहा कि तुम्हारे गहने तो बहुत हल्के हैं। जब दुल्हन के पिता कल्याण ने इस पर आपत्ति जताई तो दूल्हे पक्ष ने अभद्र व्यवहार करते हुए शादी से इंकार कर दिया। मामला इतना बढ़ गया कि शादी की सभी तैयारियां धरी की धरी रह गईं और पूरी बारात बिना दुल्हन के लौट गई। इस घटना के बाद दुल्हन के पिता कल्याण ने एमजी रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई है। दुल्हन के पिता एक निजी अस्पताल में केयरटेकर के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस ने शिकायत के



आधार पर दूल्हे गौरव और उसकी मां तरुणा के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और धमकी देने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। कल्याण उनकी तीन बेटियां और एक बेटा है। उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी धूमधाम से करने की तैयारी की थी, लेकिन दूल्हे पक्ष के लालच और अपमानजनक व्यवहार के चलते उन्हें शादी रोकनी पड़ी। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है और दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल यह मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि आधुनिक युग में भी दहेज जैसी कुप्रथा समाज में गहरी जड़ें जमाए हुए हैं, जो परिवारों की खुशियां छीन रही हैं।

# हमारे जैसे कर्म होंगे फल भी वैसे ही मिलेंगे और तकदीर भी उन्हीं से बनेगी - पं. नागर

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर •** हमारी तकदीर कोई ठेकेदार, इंजिनियर या आर्किटेक्ट से लगाकर हमारे माता-पिता और गुरु भी नहीं बना सकते। तकदीर बनती है हमारे श्रेष्ठ कर्मों से। हमारे जैसे कर्म होंगे फल भी वैसे ही मिलेंगे और तकदीर भी उन्हीं से बनेगी। विश्वास रखें कि यदि हमारी करनी अच्छी होगी तो हमारे भाग्य का निर्माण भी अच्छा ही होगा। हमारे मन, कर्म और वचन और व्यवहार से किसी को भी चोंट नहीं पहुंचना चाहिए। याद रखें कि कर्म शुद्ध होंगे तो विचार भी शुद्ध होंगे, विचार शुद्ध होंगे तो भाग्य भी शुद्ध होगा, भाग्य शुद्ध होगा तो भक्ति भी शुद्ध होगी और भक्ति शुद्ध होगी तो हम सबका जीवन भी परमशुद्ध बन जाएगा। जीवन की यात्रा को बहुत समझदारी के साथ तय करना चाहिए। हमारी सांगत ऐसे लोगों के साथ होना चाहिए जो हमें भटकाव से हटाकर सही मार्ग की ओर ले जाते हैं। मालव माटी के सपूत, माँ सरस्वती के वरद पुत्र और प्रदेश में 200 से अधिक गौशालाओं के



संचालक संत कमलकिशोर नागर के सुपुत्र तथा प्रख्यात भागवत मर्मज्ञ संत प्रभुजी नागर के अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में चल रहे सात दिवसीय भागवत ज्ञान यज्ञ के दौरान उपस्थित जन सैलाब को विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में मालवा के अलावा राजस्थान और अन्य जिलों से भी श्रद्धालु बोरिया-बिस्तर और राशन-पानी लेकर ट्रेक्टर-ट्राली, बोलेरो और अन्य निजी वाहनों से आए हुए हैं, जो कथा पंडाल में ही रात्री विश्राम के साधन सहित कथा श्रवण कर रहे हैं।

## श्री सनाढ्य ब्राह्मण सभा के निर्वाचन में 21 सदस्यों को सौंपी गई विभिन्न जिम्मेदारी, संरक्षकों का सम्मान



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** शहर के सनाढ्य ब्राह्मणों की शीर्ष प्रतिनिधि संस्था श्री सनाढ्य सभा (रजि.) इंदौर की साधारण सभा एवं विशेष साधारण सभा की बैठकों के बाद सर्वसम्मति से 5 वर्ष की अवधि के लिए 21 सदस्यों की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक मंडल के मार्गदर्शन में श्री सनाढ्य ब्राह्मण समाज इंदौर की नवनिर्वाचित 21 सदस्यीय कार्यकारिणी एवं प्रमुख सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। सभा के अध्यक्ष पद पर पं. देवेन्द्र शर्मा, महासचिव पं. संजय जारोलिया एवं उपाध्यक्ष के तीन पदों पर पं. भगवती शर्मा, पं. अनिल शर्मा एवं पं. पप्पू शर्मा, सचिव के सात पदों पर पं. दीपक शर्मा, पं. किशोर शुक्ला, पं. संतोष पाराशर, अभिभाषक श्रीमती वर्षा पाराशर, पं. बंटी पाराशर, पं. तरुण बिरथरे एवं पं. हेमन्त शर्मा निर्वाचित हुए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज के वरिष्ठजनों और संरक्षक मंडल के पं. अवधकिशोर शर्मा, पं. श्यामाचरण तिवारी, पं. शिवनारायण शर्मा, पं. नरेन्द्र तिवारी, पं. कैलाशचंद्र बिरथरे एवं पं. जगदीश तिवारी का अभिनन्दन भी किया गया ।

## शॉपर्स स्टॉप ने अपना नया वेडिंग कलेक्शन लॉन्च किया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** भारत के प्रमुख प्रीमियम फैशन, ब्यूटी और गिफ्टिंग ब्रांड शॉपर्स स्टॉप ने अपने शानदार वेडिंग कलेक्शन को 'इंडिया वेड्स विद शॉपर्स स्टॉप'अभियान के तहत लॉन्च किया है। भारतीय शादियों की खूबसूरती और विविधता को दिखाते हुए, यह कलेक्शन शादी से जुड़े हर सदस्य के लिए चुने हुए कपड़े और एक्सेसरीज का खास संग्रह पेश करता है, जो पारंपरिक कला और आधुनिक स्टाइल का सुंदर मेल है। शॉपर्स स्टॉप के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, कस्टमर केयर एसोसिएट, कविंद्र मिश्रा ने कहा, भारत में शादियाँ रंग, संस्कृति और रिश्तों के धागों से बुना हुआ एक सुंदर उत्सव होता हैं।

## कलश यात्रा के साथ खाटू श्याम पांच दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •**बाणेश्वर कुंड स्थित श्री महाराणा प्रताप त्रिविध्या गौशाला में खाटू श्याम बाबा पांच दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। सैकड़ो महिलाएं सिर पर कलश लेकर सम्मिलित हुई । आयोजन प्रमुख नीलम दुबे ने बताया कि पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पहले कलश यात्रा की शुरुआत वेद मंत्रो के बीच पूजन अर्चन करके मंदिर से प्रारंभ हुई। यात्रा में सैकड़ो मातृशक्ति सिर पर श्रद्धा के कलश लेकर शोभायात्रा में निकली, भजनों पर महिलाएं नाचते गाते हुए चल रही थी, द्य शंखनाद करते युवाओं दल देखते ही बन रहा था, यात्रा का जगह-जगह विभिन्न मंचों से गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर स्वागत किया गया। यात्रा में बैंड बाजे घोड़े बग्गी रहे। कलश, यात्रा गौशाला से प्रारंभ होकर बाणेश्वर कुंड से होते हुए वृन्दावन कालोनी से सीधे वापस गौशाला मंदिर पहुंची। यात्रा के बाद मंदिर में श्री गणेश का पूजन अर्चन कर देवताओं का आह्वान किया, हवन कुंड में अग्नि स्थापना हुई, मूर्ति का अन्नाधिवास पंडितों द्वारा वेद मंत्रों के बीच किया ।

मुख्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 10 नवंबर को सुबह होगा जिसमे श्री खाटू श्याम बाबा,लक्ष्मीनारायण भगवान, विघ्न विनाशक गणपति सहित अन्य प्रतिमा का फलाधिवास और विभिन्न नदियों के जल,दूध दही से अभिषेक कर पूजन अर्चन किया जाएगा, आचार्य पंडितों के वेद मंत्रउच्चारण के बीच सर्वेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। हवन पूर्णाहुति होगी। 20 से ज्यादा कारीगरों ने कई में प्राचीन मंदिर का नए स्वरूप में निरमा किया, मंदिर में श्री खाटू श्याम बाबा,लक्ष्मीनारायण भगवान, विघ्न विनाशक गणपति सहित मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा 10 नवंबर को होगी।

# सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप में बच्चों को मिला सुरक्षा कवच, सीखे बचाव के अचूक गुण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •**मास्टर सईद आलम द्वारा क्रिएट स्टोरीज सोशल वेलफेयर सोसाइटी के बैनरतले ऊर्जस्विनी स्पेशल स्कूल में आयोजित पेरेंट्स और बच्चों की सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप में सिखाई गई बुनियादी बातें और गुड टच-बैड टच के बारे में । मास्टर सईद आलम ने सभी को सेल्फ डिफेंस के आसान तरीके सिखाए । उन्होंने सभी को उनके प्रोफेशन और डेली रूटीन के हिसाब से भी किस तरह अपना बचाव कर सकते है एवं सभी को बताया गया की किस प्रकार के हमले पर कैसे रिएक्ट करना चाहिए एवं सही पोजिशनिंग बताई । खतरे को पहचानना और जागरूकता: किसी भी संभावित खतरे



या संदिग्ध व्यक्ति को जल्दी पहचानना और उससे दूर रहना आत्मरक्षा का पहला कदम है ।

**अटैकिंग पोजीशन :** खुद को तैयार रखने के लिए अटैकिंग या रक्षात्मक मुद्रा (पोजिशन) बनाना सिखाया जाता है, जैसे –

- मुट्ठी बांधना और हाथों को सीने के सामने रखना। संतुलन बनाए रखने के लिए पैरों को सही ढंग से रखना ।
- हमलावर को यह महसूस कराना कि आप जवाब देने में सक्षम हैं।
- प्रभावी बचाव तकनीकें: हमलावर की पकड़ से छूटने की आसान और असरदार तकनीकें सिखाई ।
- ग्रिप से छूटना: जब कोई कलाई, बाल, या गर्दन को पकड़ ले, तो कैसे तुरंत और बल का प्रयोग करके पकड़ से छुटकारा पाया जाए।

## सम्पादकीय

### सड़कें इंसानों के लिए हैं या आवारा कुत्तों के लिए? सुप्रीम कोर्ट ने साफ की सीमाएं

सर्वोच्च न्यायालय ने राजमार्गों और संस्थानों से आवारा कुत्तों को हटाने का निर्देश दिया है, तथा मानवीय व्यवहार और पशु कल्याण के बीच संतुलन बनाते हुए सार्वजनिक सुरक्षा पर जोर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों को लेकर एक बार फिर जो कहा है, वह जन सुरक्षा के लिहाज से अहम है। दरअसल, संस्थागत क्षेत्रों और राजमार्गों से इन्हें हटाने के आदेश को व्यापक परिप्रेक्ष्य में लेने की जरूरत है। इसमें कोई दोराय नहीं कि न केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, बल्कि देशभर में आवारा कुत्तों की समस्या गंभीर है। इस संबंध में मीडिया रपटों को अदालत ने कुछ समय पहले संज्ञान में लिया था। तब अदालत ने स्पष्ट कर दिया था कि लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस बार भी अदालत ने अपने आदेश में जन सुरक्षा को केंद्र में रखा है। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत की विशेष पीठ ने शुक्रवार को आवारा कुत्तों के मामले में कई बातें कहीं। अदालत ने शैक्षणिक केंद्रों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटे जाने की बढ़ती घटनाओं को संज्ञान में लिया है। इस बार अधिकारियों को सचेत किया गया है। न्यायालय ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित सभी प्राधिकारियों को आदेश दिया है कि राजमार्गों से आवारा कुत्तों और अन्य मवेशियों को हटा कर निर्दिष्ट आश्रय स्थलों में ले जाया जाए। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को स्थानीय नगर निकायों के माध्यम से ऐसे संस्थागत क्षेत्रों की पहचान करनी होगी जहां आवारा कुत्ते पाए जाते हैं। मनुष्य और पशु के बीच लगातार जटिल होते इस मसले पर अदालत ने सख्त रुख दिखाया है। आवारा कुत्तों का प्रबंधन, सुरक्षा और स्वास्थ्य उसकी प्राथमिकता में हैं। सवाल है कि गंभीर होती गई इस समस्या के लिए कौन जिम्मेदार है? यह कहना गलत न होगा कि पशु जन्म नियंत्रण नियमों को गंभीरता से लिया गया होता, तो आवारा कुत्तों की संख्या बेतहाशा नहीं बढ़ती और न ही उन्हें सड़कों से उठाने की नौबत आती। हालांकि पिछली बार अदालत ने अपने संशोधित आदेश में कुत्तों के बंध्याकरण और टीकाकरण के बाद उन्हें उसी जगह छोड़ने का निर्देश दिया था। मगर इस बार का आदेश स्पष्ट है। अब अधिकारियों को राजमार्गों और संस्थागत क्षेत्रों से आवारा कुत्तों और अन्य जानवरों को हटाना होगा।

# 21वीं सदी का विश्वः मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं के स्थान पर घातक हथियारों की व्यवस्था में व्यस्त

आज का विश्व जिस दिशा में अग्रसर है, वह मानवता की मूल प्राथमिकताओं से दूर होता जा रहा है। जहाँ कभी 'रोटी, कपड़ा और मकान' मानव जीवन की अनिवार्य आवश्यकताएं मानी जाती थीं, आज उनकी जगह 'टैंक, मिसाइल और परमाणु हथियार' ने ले ली है।



यह मानवता की एक गहरी विडम्बना है कि भूख, गरीबी, पर्यावरण संकट, स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन जैसी ज्वलंत समस्याओं को अनदेखा कर, वैश्विक शक्तियाँ अपने संसाधनों का अत्यधिक हिस्सा हथियारों की होड़ में लगा रही हैं।स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, विश्व का कुल सैन्य बजट 2.4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर चुका है, जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है।

अमेरिका, चीन, रूस, भारत, और सऊदी अरब इस सूची में शीर्ष पाँच प्रमुख देश हैं। अकेले अमेरिका ने विश्व के कुल रक्षा व्यय का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा खर्च किया है। इसके विपरीत, संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम की रिपोर्ट बताती है कि आज भी लगभग 70 करोड़ लोग पर्याप्त और सुरक्षित भोजन से वंचित हैं। इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र की अन्य रिपोर्टें यह बताती हैं कि विश्व की लगभग एक-तिहाई आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और करीब 1.6 अरब लोगों को पक्के मकान या सुरक्षित निवास स्थान की आज भी सुविधा नहीं मिल पाती।21वीं सदी में युद्ध और सशस्त्र संघर्ष केवल रणभूमि तक सीमित नहीं रहे, बल्कि वे एक वैश्विक 'व्यवसाय' बन चुके हैं।घातक हथियार निर्माता और निर्यातक आज अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर गहरा प्रभाव डालने वाली शक्तियाँ बन गई हैं। रूस-यूक्रेन संघर्ष, इज़राइल-हमास युद्ध, तथा ईरान -इजराइल, अमेरिका-चीन, भारत-पाकिस्तान, पाकिस्तान-अफगानिस्तान, दक्षिण-उत्तर कोरिया सहित अन्य कई देशों के मध्य तनावों ने इस उद्योग को नया उत्प्रेरक बना दिया है।

जहाँ एक ओर युद्ध और आतंकवाद से पीड़ित लोग अपने घर, जीवन और आजीविका खो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर हथियार कंपनियों के शेयर बाजार में रिकार्ड बढ़त दर्ज हो रही है। यह सुरक्षा के नाम पर भय और लाभ का खतरनाक गठजोड़ बन चुका है।विकसित और विकासशील दोनों श्रेणी के देशों में रक्षा बजट तीव्रता से बढ़ रहा है, जबकि स्वास्थ्य, शिक्षा, और पर्यावरण संरक्षण के लिए आवंटित धन तुलनात्मक दृष्टि से हर साल घटता जा रहा है। अविकसित और गरीब देशों में जहां लाखों लोग अभी भी शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, और रोजमर्रा की जीवन निर्वाह की मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, वहीं रक्षा खर्चों में निरंतर वृद्धि इस बात का संकेत देती है कि क्या यह देश सही दिशा में संसाधनों का निवेश कर रहे हैं?मानव सभ्यता का असली विकास सहयोग, सह-अस्तित्व और साझा प्रगति में निहित है। लेकिन आज वैश्विक अर्थव्यवस्था के बड़े हिस्से को विनाश के उपकरणों और सैन्य तकनीकों में निवेश किया जा रहा है।

जो देश सामरिक दृष्टि से सशक्त हैं, वे नये-नये घातक हथियार विकसित कर अपने वैश्विक प्रभुत्व को बढ़ाने में लगे हैं, जबकि वे देश जो हथियार निर्माण की क्षमता नहीं रखते, वे महंगे हथियारों की खरीद में उलझे हैं, और जिनके लिए खरीदना भी संभव नहीं, वे अपने आप को शक्तिशाली देशों की सुरक्षा छांव में सौंप रहे हैं फिर भले ही उन्हें भारी आर्थिक एवं राजनीतिक कीमत चुकानी पड़े। यथार्थ में, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुटेरेस की यह बात हृदयस्पर्शी है लगती है कि 'हम भूख और असमानता से लड़ने के बजाय, युद्ध और हथियारों की तैयारी में व्यस्त हैं। यह मानवता की असली हार है।

'इस सन्दर्भ में मानव को अपनी प्राथमिकताओं का पुन: मूल्यांकन करना होगा- जीवन के साथ मानवता की सुरक्षा या विनाश का समर्थन? यदि विश्व समुदाय अपने सैन्य व्यय का मात्र 10 प्रतिशत हिस्सा स्वास्थ्य, शिक्षा, और खाद्य सुरक्षा के लिए आवंटित करे, तो भूख और गरीबी लगभग समाप्त हो सकती हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य है कि वर्तमान में नाटो जैसे प्रमुख सैन्य गठबंधनों में रक्षा बजट बढ़ाने की प्रक्रिया पर चर्चा चल रही है।

विज्ञान और तकनीक का सही उपयोग मानव जीवन के संरक्षण और सुधार के लिए किया जाना चाहिए, न कि विनाश के लिए। 'रोटी, कपड़ा और मकान' की जगह 'रॉकेट, गोला-बारूद और मिसाइलों' को प्राथमिकता देना मानवता की दिशा बदल देने वाली भूल है। यह भूल जितनी शीघ्र सुधारी जाएगी, उतना ही मानवता के लिए लाभकारी होगा। क्योंकि हथियार कभी शांति नहीं ला सकते; वे केवल असुरक्षा और भय को गहरा करते हैं। मानव सभ्यता को यह सीखना होगा कि सच्ची प्रगति हथियारों में नहीं, बल्कि संस्कारों और मानवता के मूल्यों में है।



लेखक : **प्रो. ( डॉ. ) मनमोहन प्रकाश**

## यातायात समस्या के समाधान में हमारा योगदान

यातायात समस्या और रोज रोज के ट्रेफिक जाम से हर कोई परेशान है। इसके समाधान के लिए, हम वर्षों से सुनते आ रहे हैं:

यह होना चाहिए,
वह किया जाना चाहिए,
हमारे शहर को यूरोप जैसा बनाना चाहिए,
अमेरिका जैसी व्यवस्थाएं होना चाहिए,
सिंगापुर जैसा अनुशासन होना चाहिए...

कभी हम कहते हैं, सरकार को सख्ती करनी चाहिए, तो कभी कहते हैं कि पुलिस में व्याप्त भ्रष्टाचार मिटाना चाहिए, सड़कें बेहतर बननी चाहिए, हर चौराहे पर फ्लाईओवर होना चाहिए ऐसे अनगिनत सुझावों और चर्चाओं में आजाद भारत के 78 वर्ष बीत चुके हैं। परंतु सच्चाई यह है कि यातायात की समस्या घटने के बजाय निरंतर बढ़ती जा रही है। अब समय आ गया है कि हम केवल किया जाना चाहिए की भाषा से आगे बढ़ें और मैं क्या कर सकता हूं के भाव को अपनाएँ।

समस्या समाधान के लिए उपरोक्त जरूरी सुझावों की लंबी सूची के प्रतिपालन के साथ साथ, इस दिशा में दो बातों पर गंभीरता से विचार आवश्यक है:

1 मैं स्वयं, बगैर किसी और पर निर्भर होते हुए अपनी व्यक्तिगत हैसियत में क्या कर सकता हूँ जिससे यातायात में सुधार हो।
2 यातायात की गम्भीर समस्या को कम करने हेतु मुझे क्या करना चाहिए।

जब प्रत्येक नागरिक इन दो प्रश्नों के उत्तर अपने भीतर खोज लेगा और उन पर अमल करेगा, तभी सड़कों पर अनुशासन, व्यवस्था और सुरक्षा का वास्तविक परिवर्तन दिखाई देगा। जो हमें इस समस्या के स्थाई और प्रभावी हल के मार्ग पर ले जायेगा।



- **राजकुमार जैन,** ट्रेफिक प्रहरी

# आंचलिक

## देवली से 5 परिवार गुजरात पलायन, 6 माह बाद लौटेंगे



**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगौन** • जिले के देवली गांव से पांच मजदूर परिवार काम की तलाश में गुजरात के जामनगर पलायन कर गए हैं। ये परिवार ईंट भट्टों पर काम करने के लिए गए हैं और उनका कहना है कि वे छह महीने बाद लौटेंगे। यह पलायन ऐसे समय हुआ है जब जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान चल रहा है।पलायन करने वाले इन परिवारों को मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया की जानकारी नहीं है। उनके छह महीने बाद लौटने तक एसआईआर अभियान और बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं भी समाप्त हो चुकी होंगी, जिससे वे मतदान के अधिकार से वंचित हो सकते हैं और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होगी। पलायन करने वालों में देवली की पूर्व सरपंच मायाबाई और उनके पति दिनेश निहाल, भोला और पत्नी मंजु, महेश और पत्नी मनीषा, शैलेंद्र और पत्नी पेमल, तथा गणेश शामिल हैं। ये सभी अपने बच्चों को साथ लेकर काम की तलाश में निकले हैं। भोला और मंजुबाई अपने साथ छठी कक्षा में पढ़ रही बेटी शिवानी और पहली कक्षा की बेटी विनिता को भी ले गए हैं। इससे इन बच्चों की शिक्षा बाधित होने की आशंका है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान पलायन एक बड़ी चुनौती बन गया है। प्रशासन ने इस स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय पंचायतों को पलायन करने वाले परिवारों के संपर्क में रहने का निर्देश दिया है, ताकि उनकी गणना पत्रक संबंधी कार्रवाई पूरी की जा सके।

## जिले में 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगा मतदाता पुनरीक्षण, अफसर भी उतरे फील्ड में

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 4 नवंबर से शुरू हो गया है। यह कार्य 4 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं और उन्हें जमा करने की प्रक्रिया में जुटे हैं। बीएलओ के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें भी दूरदराज के मंजरे और टोलों तक पहुंच रही हैं, जहां वे कार्य की निगरानी कर रही हैं। इसी क्रम में, शुक्रवार को एडीएम वीर सिंह चौहान ने भगवानिया, धूलकोट, अंबा, असीर, परतकुंडिया और दवाटिया गांवों का निरीक्षण किया। बुरहानपुर



तहसीलदार प्रवीण ओहरिया ने बोरगांव खुर्द के पांच पुल क्षेत्र का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों को गणना पत्रक भरने की प्रक्रिया समझाई। अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन फील्ड में पहुंच रहे हैं कि बीएलओ सही तरीके से गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं और उन्हें किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। धूलकोट तहसीलदार आईएस गनावा ने बताया कि वे प्रतिदिन गांवों में जाकर बीएलओ से चर्चा कर रहे हैं। पिछले दो दिनों में परतकुंडिया, दवाटिया, बोरी, चिखलया, झिरपांजरिया, उतांबी, भगवानिया सहित कई अन्य गांवों में बीएलओ के काम का निरीक्षण किया गया है। यह निरीक्षण कार्य लगातार जारी रहेगा और किसी भी समस्या का तत्काल निराकरण किया जा रहा है। बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक सौंप रहे हैं। अधिकारियों ने स्वीकार किया कि पलायन एक चुनौती है, लेकिन ऐसे लोगों से जल्द से जल्द गणना पत्रक भरवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। परिवार में मौजूद सदस्यों से भी अन्य सदस्यों की जानकारी ली जा रही है ताकि कोई भी मतदाता छूट न जाए।

## पत्नी की अर्थी उठते ही पति ने जहर खाया, मौत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • बड़ाबम क्षेत्र में गुरुवार रात एक दंपत्ति की जहर खाने से मौत हो गई। पत्नी ने बुधवार को जहर खाया था और गुरुवार सुबह अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पत्नी का शव श्मशान पहुंचा तो पति ने भी जहर खा लिया। देर रात उसने भी दम तोड़ दिया। दोनों की 13 साल पहले लव मैरिज हुई थी। परिवार में 12 साल का बेटा है। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के बड़ाबम निवासी मंडलोई परिवार की बहू रीना (40) ने बुधवार को जहर खा लिया था। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। गुरुवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बेटी के निधन की सूचना मिलने के बाद इंदौर से मायके वाले पहुंचे। उन्होंने पति और ससुर पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। मायके वालों का कहना था कि ससुराल पक्ष की वजह से रीना ने सुसाइड किया है। पोस्टमार्टम के बाद रीना का शव घर पहुंचा, यहां से अर्थी उठी और श्मशान घाट तक पहुंची ही थी कि घर से बाहर सिहाड़ा रोड पर पति आशीष ने भी जहर खा लिया।

## ताप्ती मिल के श्रमिक धरने पर बैठेः वेतन-बोनस रुका, मिल चालू करने और स्थायीकरण की मांग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • लालबाग स्थित ताप्ती मिल्स के दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों ने शुक्रवार को एक दिवसीय धरना दिया। उन्होंने लंबित वेतन, बढ़े हुए मानदेय, मिल को फिर से चालू करने, बोनस भुगतान और स्थायीकरण की मांग की। श्रमिकों का कहना है कि उन्हें नवंबर 2004 से जून 2005 तक आठ महीने का वेतन नहीं मिला है। इसके अलावा कोरोना काल के बाद जून 2023 से 17 महीने का आधा वेतन भी लंबित है। मिल में उत्पादन बंद होने के बावजूद इसे रिकॉर्ड में चालू दिखाया जा रहा है। इस मामले में स्थानीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने दिल्ली में वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शम्मी राव से मुलाकात कर श्रमिकों की समस्या से अवगत कराया था। सचिव ने अगस्त में वेतन जारी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन नवंबर तक भुगतान न होने के कारण श्रमिक विरोध प्रदर्शन पर उतर आए।

## अवैध गांजा जब्त, मिर्च-अरहर के बीच मिले 190 पौधे, दो आरोपी फरार

**दैनिक इंदौर संकेत**



**खरगोन** • जिले में महाराष्ट्र सीमा से सटे हेलापड़ावा क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार को 19.88 लाख रुपए मूल्य की अवैध गांजा खेती का पर्दाफाश किया है। दो अलग-अलग स्थानों पर की गई कार्रवाई में कुल 3.97 क्विंटल वजनी 190 गांजे के हरे पौधे जब्त किए गए हैं। हालांकि, दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

पुलिस को गुरुवार को सूचना मिली थी कि पलोना निवासी राजू पिता इडा सिसोदिया और खड़क्यानदी निवासी कैलाश पिता गोरेलाल किराड़े ने अपने खेतों में मिर्च और अरहर (तुअर) की फसल के बीच अवैध रूप से गांजे के पौधे उगा रखे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश दी, लेकिन दोनों आरोपी अपने खेत स्थित घरों पर नहीं मिले और मौके से फरार हो गए।

एक पुलिस टीम ने पलोना में राजू सिसोदिया के खेत में कार्रवाई की। यहां मिर्च और अरहर की फसल के बीच से 70 गांजे के पौधे बरामद किए गए, जिनका वजन 76.100 किलोग्राम और अनुमानित कीमत लगभग 3.80 लाख रुपए है। राजू के खेत स्थित घर पर ताला लगा पाया गया।

वहीं, दूसरी टीम ने खड़क्यानदी में कैलाश किराड़े के खेत से 120 गांजे के पौधे जब्त किए। इन पौधों का कुल वजन 3 क्विंटल 21 किलोग्राम 790 ग्राम (321.79 किलोग्राम) है, जिसकी कीमत 16 लाख 8 हजार 905 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज कर लिए हैं। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## अयूब पर एनएसए की कार्रवाई कलेक्टर गुप्ता ने आदेश जारी किए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • खंडवा के गुंडे अयूब पिता इस्माइल अली पर एनएसए की कार्रवाई की गई थी, जिसे गृह विभाग के मंत्रणा बोर्ड ने जारी रखने के आदेश दिए हैं। बोर्ड ने अयूब के विरुद्ध की कार्रवाई के संबंध में कलेक्टर के आदेश को उचित माना और डिटेंशन ऑर्डर की पुष्टि की।

राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गृह विभाग के उप सचिव बुद्धेश कुमार वैद्य ने आदेश जारी किया है। जिसके अनुसार अयूब के निरोध की कालावधि उसके निरूद्ध दिनांक से 3 माह की अवधि समाप्ति होने तक यानि 25 दिसंबर 2025 तक चालू रहेगी।

### दो को जिलाबदर किया, एक से भराया बांउड ओवर

इधर, कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने विभिन्न अपराधों में शामिल दो आरोपियों को जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। इनमें रविदास पिता दिनेश सावनेर निवासी वार्ड क्रमांक 8 मूंदी व उमेश उर्फ चिंटी पिता दिनेश निवासी बंजारा कॉलोनी, संजय नगर हैं। इन्हें आगामी एक साल के लिए जिला बदर किया गया हैं। जारी आदेश अनुसार इस अवधि में ये दोनों आरोपी न केवल खंडवा जिले की सीमा में बल्कि साथ ही पड़ोसी जिलों बुरहानपुर, खरगोन, देवास, बैतूल, हरदा व इंदौर जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा कलेक्टर ने एक अन्य आरोपी सुरेश पिता फूलचंद जायसवाल निवासी दामखेड़ा थाना नर्मदानगर तहसील पुनासा से एक लाख रुपए का बांउड ओवर इस आशय से भरवाया कि वह अगले एक साल तक किसी भी अपराध में शामिल नहीं होगा।

# शालैय राज्यंस्तरीय खैलो का रंगारंग शुभारंभ

## पांच खैलो का होगा आयौजन





**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अभियान आजतक 69 वी राज्य स्तरीय शालैय खैल प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ 7 नवंम्बर को बैष्णव हायर सेकंडरी स्कुल राजमौहल्ला में मुख्य अतिथि पार्षद व एमआईसी नंदकिशोर पहाडिया ने ध्वज फहराकर व दीप प्रज्वलित कर खैलो का शुंभारंभ किया। अध्यक्षता इंदौर जिला शिक्षा अधिकारी डा. शांतास्वामी भार्गव ने की डा. भार्गव ने बताया की -रग्वी, तैराकी कलायपट्ठ, डाईविंग, मिनी गोल्फ खैलो की प्रतियोगिता होगी। इन राज्यस्तरीय शालैय के लिए दस संभागों से अलग अलग आयु वर्ग के करीब 2500 बालक बालिका 14, 17 और 19 वर्ष के खिलाड़ी व आफिशियल शामिल होगें ये खेल अलग-अलग खेल मैदानों पर खेले जायेगें इन खेलों के लिए सफल बनाने के लिए अलग-अलग समीतियां बनाई गई है। जिसमे प्राचार्य और शिक्षको को शामिल किया गया है, बालक बालिका खिलाडियों को ठहराने के लिए अलग व्यवस्था और ले जाने आने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है । इस अवसर पर अनुराग तिवारी, प्रकाश गौड, अनिल गौड, झम्मन सिह, संतौष चौधरी, अनिल गुप्ता एव समस्त समिति के प्रभारी एव खैल शिक्षक मौजुद थे। संचालन सुनायना शर्मा ने किया।

# फिल्म 'गुस्ताख इश्क' की रिलीज डेट फाइनल



**मुंबई (एजेंसी)** ●मनीष मल्होत्रा निर्मित पहली फिल्म 'गुस्ताख़ इश्क' 28 नवंबर को रिलीज होगी। फिल्म गुस्ताख़ इश्क़ पहले जैसा पुराने ज़माने के प्यार और उसकी खूबसूरती को फिर से ज़िंदा करने के लिए खूब चर्चा बटोरी है। अब दर्शकों को थोड़ा और इंतज़ार करना होगा, क्योंकि यह फिल्म 28 नवंबर को रिलीज़ होगी। 'गुस्ताख़ इश्क' मनीष मल्होत्रा के लिए बहुत ख़ास है यह उनके प्रोडक्शन हाउस स्टेज 5 प्रोडक्शन के तहत उनकी पहली फिल्म है। यह फिल्म उनके लिए फैशन और कहानी से आगे बढक़र एक जुनूनी प्रेमकहानी है, जो क्लासिक रोमांस के दौर को फिर से लौटाने जा रही है। फिल्म के मेकर्स ने एक मोशन पोस्टर के ज़रिए नई रिलीज़ डेट का ऐलान किया है।

# कटरीना ने दिया बेटे को जन्म, स्टार्स और फैंस ने दी बधाईयां



**मुंबई (एजेंसी)** ● कटरीना कैफ और विकी कौशल के फैंस के लिए अच्छी खबर है। कटरीना ने एक बेटे को जन्म दिया है। बेटे के जन्म के साथ ही कैटरीना और विकी की फैमिली में खुशियों का माहौल है। दोनों ने सोशल मीडिया पर एक प्यारा पोस्ट कर सबको ये खुशखबरी दी, जिसपर स्टार्स और फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं। दोनों ने पोस्ट शेयर कर लिखा- हमारे घर खुशियां आई हैं। हम अपने बेबी बॉय का स्वागत करते हैं 7 नवंबर 2025। कटरीना और विकी। इस पोस्ट को शेयर कर विकी ने लिखा-'आशीर्वाद'। सब सेलेब्स उन्हें बधाई दे रहे हैं। करीना ने लिखा- कैटज्वेलकम टू बॉय मम्मा क्लब। तुम्हारे और विकी के लिए बहुत खुश हूं। प्रियंका चोपड़ा ने लिखा- दोनों के लिए बहुत खुश हूं, बधाई। आयुष्मान खुराना ने लिखा- बेस्ट न्यूज दोनों को बधाई।

# फिलिप गोल्डबर्ग बने सूरमा हॉकी क्लब के हेड कोच



**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● सूरमा हॉकी क्लब ने हीरो हॉकी इंडिया लीग सीजन 2 से पहले बेल्जियम के ओलंपियन फिलिप गोल्डबर्ग को पुरुष टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की है। नए कोचिंग सेटअप में उनके साथ अर्जेंटीना के ओलंपियन इग्नासियो रिकार्डो बर्गनर भी शामिल होंगे, जो विश्लेषणात्मक कोच की भूमिका निभाएंगे। क्लब के वर्तमान मुख्य कोच, जेरोन बार्ट, सलाहकार की भूमिका में आएंगे और पूरे सीजन में टीम की रणनीति और तकनीकी योजना में योगदान देते रहेंगे। अपने प्रभावशाली पहले सीजन के साथ, सूरमा हॉकी क्लब लीग में तीसरे स्थान पर रहा। उन्होंने अपनी टीम के मनोबल को बनाए रखते हुए अपने अधिकांश मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। टीम में जीतपाल, एक युवा प्रतिभा जो अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है, और आकाशदीप सिंह का स्वागत है, जिनका अनुभव और आक्रामक क्षमता टीम के खेल को अगले स्तर तक ले जाने का वादा करती है। नए सदस्यों का स्वागत करते हुए, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सीईओ दिव्यांशु सिंह ने कहा, हम फिलिप और इग्नासियो को सूरमा हॉकी क्लब परिवार में शामिल करके रोमांचित हैं। दोनों ही विश्वस्तरीय विशेषज्ञता और उस उच्च-स्तरीय हॉकी ब्रांड के लिए साझा जुनून लेकर आए हैं जिसे हम पेश करना चाहते हैं।

# जब शिवम पर भड़क गये सूर्यकुमार

**क्वींसलैंड (एजेंसी)** ● भारतीय टी0 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव यहां मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ चौथे टी20 मैच में ऑलराउंडर शिवम दुबे पर भड़क गये। भारतीय टीम ने ये मैच 48 रनों से जीतकर सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल की है। सूर्यकुमार मैच के 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर शिवम पर तब भड़के गये जब उन्होंने मार्कस स्टोइनिस को ऑफ-स्टंप के बाहर एक शॉर्ट गेंद फेंकी, जिसपर स्टोइनिस ने बैकवर्ड पॉइंट के ऊपर से चौका लगा दिया। इससे ऑस्ट्रेलिया को आसानी से चार रन मिल गये। सूर्यकुमार ने खराब गेंद फेंकने के लिए शिवम को फटकारा। इस मैच में स्पिन ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने पांच गेंदों में तीन विकेट लिए जिससे भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 48 रनों से हरा दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम 168 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 11.3 ओवर में 18.2 ओवर में 119 रन ही बना पायी। मेजबान ने अपने अंतिम सात विकेट 41 गेंदों में 28 रनों पर खो दिये और घरेलू मैदान पर अपने दूसरे सबसे कम टी20 स्कोर पर आउट हो गयी। इससे पहले वह साल 2022 में सिडनी में न्यूजीलैंड के खिलाफ 111 रन ही बना पायी थी।

## उज्जैन संभाग

# तकिया मस्जिद मामला, सुप्रीम कोर्ट में भी अपील खारिज



**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● करीब 10 माह पहले महाकाल मंदिर विस्तारीकरण की जद में आ रही तकिया मस्जिद को तोड़ने के मामले में याचिकाकर्ताओं की मस्जिद को दोबारा बनवाने की अपील को सुप्रीम कोर्ट ने भी खारिज कर दिया है। कोर्ट ने फैसला प्रशासन के हक में सुनाया है। अब यहां कई दिनों से बंद पड़ा काम शुरू होने के उम्मीद है।

### जनवरी माह में हुई थी कार्रवाई

उज्जैन में 11 जनवरी 2025 को जिला प्रशासन ने महाकाल मंदिर के शक्ति पथ के पास बनी पार्किंग से लगी जमींन को खाली करवाने को लेकर जमीन पर मौजूद 257 मकानों और तकिया मस्जिद को ध्वस्त कर दिया था। मुस्लिम पक्ष का कहना था कि 200 वर्ष पुरानी मस्जिद वक्फ की संपत्ति है, जबकि प्रशासन ने अवैध निर्माण बताकर मकानों और मस्जिद को तोड़ दिया था। तकिया मस्जिद को गिराए जाने के मामले में मस्जिद में नमाज अदा करने वाले तेरह नमाजियों की ओर से इंदौर हाईकोर्ट के सिंगल और फिर डबल बेंच में चुनौती देते हुए जमीन को वक्फ की जमीन बताते हुए मस्जिद को तोड़ने की प्रक्रिया को गलत बताया था। लेकिन यहां पर पक्षकारों की हार हो गई कोर्ट ने प्रशासन के पक्ष में फैसला सुनाया था। मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी। जिसमें महाकाल मंदिर के लिए ली गई जमीन के अधिग्रहण को गलत बताया था। सुप्रीम कोर्ट में जिला प्रशासन द्वारा वक्फ की जमीन पर गलत तरीके से अधिग्रहण करने और विध्वंस से पहले राज्य द्वारा की गई भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया अनियमितता के आरोप लगाते हुए वक्फ की संपत्ति पर हुए अधिग्रहण को चैलेंज किया गया था। लेकिन शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद बनाने की अपील को को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ताओं ने मस्जिद को दोबारा बनवाने के लिए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का रुख किया था। हालांकि, पहले सिंगल बेंच और फिर डबल बेंच ने याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट में अपील खारिज होने के बाद पक्षकारों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# वंदे मातरम् स्मरणोत्सव: विधायक ने बताई श्लोकों की गलत संख्या; अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा



**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर मालवा** ● जिले में शुक्रवार को विजय द्वार परिसर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150वें स्मरणोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामूहिक वंदे मातरम् गायन हुआ, जिसमें अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्कूली बच्चों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक मधु गहलोत ने राष्ट्रीय गीत में श्लोकों की संख्या गलत बताई। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक वंदे मातरम् गायन से हुई, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में भागीदारी की। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मुख्य समारोह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।

### स्कूली बच्चों के बैंड ने दी प्रस्तुति

भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय और विधायक मधु गहलोत ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय गीत के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डाला। विधायक गहलोत ने वंदे मातरम् की प्रारंभिक पंक्तियां भी गाकर सुनाईं। हालांकि, जब उनसे गीत में कुल श्लोकों की संख्या पूछी गई, तो उन्होंने चार बताई, जबकि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् में कुल छह श्लोक हैं। आयोजन स्थल पर एक छोटा टेंट लगाया गया था, लेकिन तेज धूप के कारण स्कूली बच्चों और उपस्थित नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ा। कुछ समय बाद कई कुर्सियां खाली हो गईं और लोग छांव की तलाश में इधर-उधर होते दिखे। कार्यक्रम के अंत में स्कूली बच्चों ने बैंड पर सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कलेक्टर प्रीति यादव, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, विधायक मधु गहलोत, जिला पंचायत सीईओ नंदा भलावे कुशरे, एएसपी रविंद्र बोयट, सीएसपी मोतीलाल कुशवाहा, नगर पालिका अध्यक्ष निलेश जैन सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालय विधि विभाग में छात्रों ने ताला लगाकर प्रदर्शन किया, डेढ़ वर्ष से शिक्षक नहीं



**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के विधि विभाग के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को विभाग में ताला लगाकर कुलगुरु कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि पिछले डेढ़ वर्ष से पढ़ाने के लिए शिक्षक नहीं हैं, जिससे कक्षाएं नहीं लग रही हैं। पूरी फीस चुकाने के बावजूद उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। हालांकि, कुलगुरु ने विद्यार्थियों को शिक्षकों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया है। शिक्षक न होने की समस्या से परेशान होकर विद्यार्थियों ने प्रशासनिक भवन में धरना भी दिया। बीए एलएलबी पांचवें सेमेस्टर के छात्र शिवम पांडे ने बताया कि डेढ़ वर्ष से शिक्षकों की कमी के कारण उनकी पढ़ाई का भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। विद्यार्थियों से चर्चा करने के लिए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा और विभागाध्यक्ष प्रो. डीडी बेदिया मौके पर पहुंचे। कुलगुरु प्रो. भारद्वाज ने स्वीकार किया कि विद्यार्थियों की मांग जायज है। उन्होंने बताया कि विभागीय समिति बुलाकर शिक्षकों की व्यवस्था की जा रही है। विश्वविद्यालय में विधि विभाग की शुरुआत लगभग 3 वर्ष पहले हुई थी।

# कालिदास समारोह का समापन, शहर नहीं बल्कि भारत की सभ्यता का ध्रुव तारा है - टेटवाल



**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● 67वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह का शुक्रवार को समापन हो गया। प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय चित्र एवं मूर्तिकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रभारी मंत्री टेटवाल ने अपने संबोधन में कहा कि उज्जैन केवल एक शहर नहीं, बल्कि भारत की सभ्यता का ध्रुव तारा है। उन्होंने कालिदास के काव्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी रचनाओं पर विश्व आज भी आश्चर्य करता है। मंत्री ने इस समारोह को परंपरा और नवचेतना का संगम बताया, जो 67 वर्षों से सांस्कृतिक जीवन की धड़कन बना हुआ है। उन्होंने कला को मनोरंजन के साथ-साथ समाज का संस्कार भी बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत महाविद्यालय के दल के नान्दी मंगलाचरण से हुआ। इसके बाद लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति के विद्यार्थियों ने घोष पथक एवं लेजिम पथक की प्रस्तुति दी। मंत्री टेटवाल ने मेघदूत, रघुवंश और अभिज्ञानशाकुंतलम् का उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य तभी महान बनता है। जब वह प्रकृति, संस्कार और कर्तव्य का आदर करे।समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, कालिदास समिति के सचिव डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा, केंद्रीय समिति के सदस्य राजेश सिंह कुशवाह और रुप पमनानी उपस्थित थे। अतिथियों ने राष्ट्रीय चित्र एवं मूर्तिकला प्रतियोगिता के कलाकारों को एक लाख रुपए, शॉल, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गन्धे ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मंयक शुल्क ने किया और आभार डॉ. शैलेन्द्र शर्मा ने व्यक्त किया। समापन संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इसमें मुरैना की दिव्या शर्मा (जागीड़) ने शास्त्रीय गायन और सारंगपुर के प्रेमसिंह देपालपुरिया ने लोकगायन की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कुलपति नितिन राणे, पं. श्रीधर व्यास, संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. दिलीप सोनी और नरेश शर्मा जैसे गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन सुदर्शन अयाचित ने किया, जबकि आभार अनिल बारोड ने माना।

न्यूज ब्रीफ

## ई-दक्ष केंद्र में दो दिवसीय आरटीआई प्रशिक्षण संपन्न

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन एवं आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी, भोपाल के सौजन्य से जिला इंदौर के ई-दक्ष केंद्र में विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण 6 से 7 नवम्बर 2025 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के लोक सूचना अधिकारी, सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा आरटीआई ऑनलाइन पोर्टल के संचालन संबंधी सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर मुनेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा प्रशिक्षण सत्र संचालित किया गया। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों द्वारा प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया एवं अपने अनुभव साझा किए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र एवं समूह फोटो की प्रति जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक श्री अतुल दुबे द्वारा प्रदान की गई।

## मेडिकल जा रहा कर्मचारी अचानक बाइक से गिरा, मौत

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर के दवा बाजार स्थित एक मेडिकल स्टोर में काम करने वाले कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जाता है कि वे मेडिकल की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में अचानक गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने यह देखकर मेडिकल स्टाफ को सूचना दी। वहां मौजूद कर्मचारी और अन्य लोग तुरंत पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने धर्मेंद्र को मृत घोषित कर दिया। बाद में शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। संयोगितागंज पुलिस के अनुसार, मृतक धर्मेंद्र (32) पुत्र प्रकाश कुमायु, निवासी लोहा मंडी, गुरुवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। पुलिस के मुताबिक, वे बाइक से अपने मेडिकल की ओर जा रहे थे, तभी कुछ दूरी पर अचानक गिर गए। उसी समय एक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) वहां से गुजर रहा था, जो धर्मेंद्र को जानता था। उसने तुरंत हीरा मेडिकल शॉप पर जाकर जानकारी दी। धर्मेंद्र पिछले तीन साल से दवा बाजार स्थित हीरा मेडिकल पर काम कर रहे थे।

# इंदौर के इकलौते ठेकेदार को छापने हैं 11 करोड़ फार्म, पेटी कांट्रैक्ट के भरोसे काम

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश में भारत निर्वाचन आयोग का मतदाता सूची सही करने के लिए 4 नवंबर से एसआईआर शुरू हुआ। वहीं अब यह प्रक्रिया बुरी तरह फंस गई है। पूरे मप्र में इंदौर के इकलौते वेंडर (ठेकेदार) के पास इसके लिए सबसे अहम प्रपत्र (फार्म) छापने का ठेका है। मप्र में मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 70 लाख से ज्यादा है। प्रति मतदाता 2 फार्म छापने हैं, यानी 11 करोड़ से ज्यादा। हर जिले के चुनाव अधिकारी इन फार्म का इंतजार कर रहे हैं।

हालत यह है कि प्रदेशभर के जिला कलेक्टर इन फार्म के लिए इंदौर में अपने अधिकारी भेज रहे हैं, ताकि वह वेंडर से बात करके काम में तेजी ला सकें। स्ढ्क्र का काम 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक ही होना है।

**फार्म छापने की शुरुआत 3 नवंबर से हुई**-इंदौर के ठेकेदार



अतुल मेहता को फॉर्म छापकर देने का ठेका आयोग से मिला है। वहीं, फार्म 3 नवंबर से ही छपना शुरू हुए, जबकि 4 नवंबर से बीएलओ के जरिए घर-घर जाकर सर्वे करने का काम शुरू होना था।

इसके लिए ठेकेदार ने हर जिले में पेटी कांट्रैक्ट पर काम दिया है। साथ ही, वेंडर भी नियुक्त किए हैं, लेकिन फार्म बहुत अधिक संख्या में चाहिए। इसके चलते जमकर तंगी हो गई है। पूरे प्रदेश के चुनाव अधिकारी हलकान हो चुके हैं।

**पेटी कांट्रैक्ट में भी कम दरों का झंझट**-सूत्रों के अनुसार, मेहता को यह ठेका प्रति फार्म एक रुपए 49 पैसे में मिला है। वही, उनके जरिए पेटी कांट्रैक्ट को बहुत ही सस्ती दर में दिया जा रहा है, जो 40-50 पैसे प्रति फार्म है। इसके चलते पेटी कांट्रैक्ट में सुस्ती दिखाई दे रही है। पेज यानी फार्म की गुणवत्ता भी गिर गई है। ऐसे में पूरे प्रदेश में इन फार्म की मारामारी हो गई है।

**दिन-रात काम चल रहा है - ठेकेदार**-अकेला वेंडर हूं लेकिन मप्र में 600-700 मशीनें लगी हुई हैं। हर जिले में काम तेजी से चल रहा है। एक-एक बूथ का प्रिंट देना होता है, मिल जाएगा तो समस्या हो जाएगी। कुल 11 करोड़ 20 लाख प्रिंट करना है। दिन-रात काम कर रहे हैं। हजारों वेंडर काम कर रहे हैं। कोई जादू की झड़ी नहीं है, अचानक हो जाएं।

### हर फार्म क्यूआर कोड वाला, मतदाता विशेष के लिए

इसमें एक और समस्या यह है कि ऐसा नहीं है कि कोई भी फार्म किसी भी बीएलओ और मतदाता के पास चला जाएगा। हर फार्म पर क्यूआर कोड है, यानी हर मतदाता विशेष के लिए स्पेशिफिक फार्म है, वह दूसरे के पास नहीं जा सकता है। चुनाव अधिकारियों ने हर बूथ केंद्र के हिसाब से यह मतदाता सूची पहले अपलोड की है। साथ ही, इसे छपवाने के लिए दी है। इसमें फार्म आधे-अधूरे छपने और ऊपर-नीचे होने पर बीएलओ को भी समस्या हो रही है। क्योंकि, इन्हें जमाकर हर मतदाता के पास पहुंचाना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए इन फार्म को क्रम से छापना और बूथ के हिसाब से बीएलओ को देना खासा अहम है। इसके बिना प्रपत्र और मतदाता का मेल ही नहीं होगा।

आरटीओ में क्लर्क-अफसर की सांठगांठ!

## प्रमाण सही पाए जाने पर करेंगे सख्त कार्रवाई, मिल रही कई तरह की शिकायत-परिवहन मंत्री

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● जांच पड़ताल में इंदौर आरटीओ का काला चेहरा बेनकाब हुआ है। यहां एक सेकंड क्लास क्लर्क ही पूरे भ्रष्टाचार का सूत्रधार बना हुआ है। इस क्लर्क के पास अधिकारी का पैसा जमा होता है और उसके अधीन 30 से ज्यादा लड़कों का नेटवर्क काम करता है जो वसूली, दलाली और फाइल पासिंग का पूरा खेल चलाते हैं। इसके साथ ही यह भी बताया गया है कि पिछले दिनों फर्जी 40 से 50 लाइसेंस के मामले सामने आए थे जिसमें क्लर्क का एक व्यक्ति दो लाख लेकर भी फरार हो गया है जिसके लिए अब कई दलाल परेशान भी हो रहे।

नामांतरण, लाइसेंस जैसे हर काम का रेट तय है। जो पैसा नहीं देता, उसकी फाइल महीनों तक दबा दी जाती है। जांच में जानकारी के मुताबिक आरटीओ के अधिकारी की पूरी वसूली इसी क्लर्क के पास पहुंचती है। यानी सिस्टम में अफसर नाम के हैं, लेकिन असली बॉस तो क्लर्क है। जब इस पूरे भ्रष्टाचार के मामले में परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह से बात की, तो उन्होंने साफ कहा अगर आपके पास प्रमाण हैं तो हमें दीजिए, और अगर वे सही पाए गए तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने माना कि इस तरह की शिकायतें पहले भी आती रही हैं लेकिन ठोस सबूत न मिलने के कारण कार्रवाई नहीं हो पाती।

# साहब का घर बना आफत, नींव की खुदाई ने तोड़ी सड़क

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● शहर के रहवासी क्षेत्रों में घरों की नपती का मामला इन दिनों खासा चर्चा में है। नगर निगम के नए कमिश्नर दिलीप कुमार यादव ने हाल ही में रहवासी क्षेत्रों में घरों की नपती का आदेश दिया जिसका पार्षदों ने खूब विरोध किया और मामला पुलिस केस तक जा पहुंचा। नगर निगम अधिकारियों और पार्षदों ने एक दूसरे पर केस दर्ज करवाए और दोनों पक्षों के विवाद के खूब वीडियो भी वायरल हुए।

इन सबके बीच भोपाल के पूर्व संभागायुक्त एसबी सिंह के बसंत विहार कॉलोनी में बन रहे घर की रहवासियों ने शिकायत की है। घर के निर्माण कार्य से रहवासी क्षेत्र की सड़क टूट गई है और नींव डालने के लिए की गई खुदाई की वजह से सड़क के नीचे की मिट्टी तक सरक गई है। इससे वहां पर लगातार हादसे का खतरा बना हुआ है। जिस जमीन पर मकान बन रहा है वह एसबी सिंह की पत्नी शारदा सिंह के नाम पर है।

**सड़क पर चलने वाले वाहन नींव में गिरने की संभावना**-सड़क के नीचे की मिट्टी सरकने और सड़क के टूटने की वजह से सड़क पर चलने वाले वाहनों के नींव में गिरने का खतरा बढ़ गया है।



### एसबी सिंह से बातचीत

**क्या बसंत विहार कॉलोनी में हो रहा निर्माण आपका ही है?**
जी हां, वहां पर मैं अपना घर बना रहा हूं।
**निर्माण कार्य के कारण सड़क टूट गई है और मिट्टी धंस गई है, हादसे का खतरा बना हुआ है?**
हां मुझे इसकी जानकारी मिली है। निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार की लापरवाही और लगातार हो रही बारिश की वजह से वहां की मिट्टी धंस गई। बारिश से मिट्टी धंसने से सड़क को भी नुकसान हो गया है।
**क्या आप सुधार कार्य करवा रहे हैं?**
हां मैं जल्द से जल्द सुधार कार्य करवा रहा हूं ताकि वहां पर किसी को कोई नुकसान न हो। अगले 15 दिन के अंदर मैं वहां पर सुधार करवा दूंगा।
**रहवासियों की शिकायत है कि आप वहां पर बेसमेंट भी बनवा रहे हैं?**
नहीं मैं वहां पर बेसमेंट नहीं बनवा रहा, बेसमेंट की परमिशन नहीं है।

यदि कोई स्कूली बच्चों की बस, ट्रक या अन्य भारी वाहन सड़क से गुजरेगा तो पूरी सड़क टूटकर मकान के नींव में ही समा जाएगी। (सा. पोर्टल से)

बीजेपी के वरिष्ठ नेता ने मंत्री कैलाश पर कसा तंज!

## जो चने नहीं खा सकते थे, सेव-परमल पर जिंदा थे और अब राजकीय गाड़ियों में घूम रहे हैं

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● शहर के राजवाड़ा पर वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान मंच से उस वक्त माहौल गरमा गया, जब बीजेपी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रकवि सत्यनारायण सत्तन ने सीधा तंज कस दिया। सत्तन ने मंच से कहा कि जो कभी चने नहीं खा सकते थे, सेव-परमल पर जिंदा थे और अब राजकीय गाड़ियों में घूम रहे हैं।

सत्यनारायण सत्तन ने यह उस वक्त कहा जिस समय कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की गाड़ी सायरन बजाती हुई मंच की तरफ बढ़ रही थी। सत्तन ने इतना कहते ही कार्यक्रम स्थल पर कैबिनेट मंत्री कैलाश का काफिला पहुंच गया। सायरन की आवाज सुनते ही सत्तन ने जोड़ा कि कल तक जो झंडा उठाते हुए घूमते थे, आज गाड़ी में घूम रहे हैं और उनके आगे पी-पी की आवाज़ हो रही है।



सत्तन यहीं नहीं रुके। उन्होंने मंच से बीजेपी के भीतर के पुराने संघर्षशील कार्यकर्ताओं की अनदेखी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज मंच पर नई पीढ़ी के नेता विराजमान हैं, लेकिन बाहर वो कार्यकर्ता खड़े हैं जिन्होंने संघर्ष के दिनों में पार्टी का झंडा थामे रखा। आज वही लोग सड़क पर खड़े होकर आत्मसंतुष्टि पा रहे हैं कि उनके संघर्ष से राष्ट्र प्रेम की मशाल जल रही है। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व महापौर और विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ समेत कई भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे। लेकिन सत्तन के बयान के बाद मंच पर कुछ पल के लिए सन्नाटा छा गया। सत्तन का यह तंज बीजेपी के अंदरूनी हालातों की झलक माना जा रहा है। उनके तीखे शब्दों ने कार्यक्रम को महज वंदे मातरम् समारोह से निकालकर सीधा राजनीतिक अखाड़ा बना दिया। अब सत्तन के इस बयान ने सियासी गलियारों में हलचल मचा दी है। लोग इसे कैलाश विजयवर्गीय पर सीधा वार मान रहे हैं।

# ऑडियो कांड से बवाल : चिंटू को नोटिस, समर्थक ने कार्यवाहक अध्यक्ष को दी मुंह काला करने की धमकी

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● शहर कांग्रेस में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह को लेकर शहराध्यक्ष चिंटू चौकसे और पूर्व शहराध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा के बीच का कथित ऑडियो अभी भी काफी चर्चा में है। अब इस मामले में जांच करने की चिट्ठी लिखने वाले कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र यादव को चिंटू समर्थक लोकेश हार्डिया ने खुलकर वीडियो जारी कर मुंह काला करने की धमकी दी है। उन्हें कुत्ता तक कहकर संबोधित किया। इस मामले में पुलिस में शिकायत हो गई है। उधर खबर है कि इस मामले में दिल्ली स्तर से नाराजगी जाहिर करने के बाद भोपाल से चिंटू और सुरजीत दोनों को अनुशासन समिति से नोटिस जारी हुआ है। बताया जा रहा है कि यह नोटिस भोपाल में ही दबा लिया गया है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस मामले में चिंटू से बात की है।



इसके बाद चिंटू ने इस ऑडियो पर बवाल मचने के बाद गुरुवार को दिन भर मीडिया में सफाई दी।

उन्होंने लंबे समय बाद दिग्विजय सिंह के लिए आदरणीय राजा साहब शब्द को उपयोग किया और कहा कि ऑडियो फेक है। वह उन जैसे सम्मानित नेता के लिए यह सोच भी नहीं सकते हैं। सूत्र ने अनुशासन समिति के प्रमुख राजेंद्र सिंह को फोन और मैसेज किया, लेकिन उन्होंने नोटिस को लेकर कोई जवाब नहीं दिया।

**चिंटू समर्थक ने दी खुलकर धमकी**-उधर चिंटू के समर्थक लोकेश हार्डिया के खिलाफ कार्यवाहक अध्यक्ष यादव ने पुलिस में शिकायत कर दी है। साथ ही चिंटू के करीबी हार्डिया से जान का खतरा बताया है।

हार्डिया ने फेसबुक पर एक दो मिनट का वीडियो जारी कर सीधी धमकी दी है। यह कहा है कि-मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को गांधीभवन में गुलाबजामुन खिलाने वाले देवेंद्र कांग्रेस को ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहे हैं।

राहुल गांधी के संगठन सृजन में निकलने वाला अमृत चिंटू चौकसे है और जो विष निकला वह तुम (देवेंद्र) हो, तुम बीजेपी के एजेंट हो, जो कांग्रेस को लेकर अंदरूनी बातों को उन तक पहुंचाते हो। कांग्रेस के नाम पर चंदाखोरी करते हो। कुत्तों को घी हजम नहीं होता है और जो घी है वह चिंटू है। तुम जैसे लोगों का भविष्य में मुंह काला भी करना पड़ा तो करने से पीछे नहीं हटेंगे। चिंटू चौकसे जिंदाबाद।

## एयरपोर्ट पर खोला जाएगा महाकाल मंदिर का स्थायी काउंटर, भस्म आरती पास मिलेंगे

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● एयरपोर्ट पर महाकाल मंदिर का स्थायी काउंटर खुलने की तैयारियों को लेकर इंदौर एयरपोर्ट पदाधिकारियों ने उज्जैन एयरपोर्ट के पदाधिकारियों को इस संदर्भ में पत्र भेजा है। श्रद्धालुओं को दर्शन टिकट, भस्म आरती पास और यात्रा सुविधा की जानकारी मिल सकेगी। महाकालेश्वर मंदिर आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए एक नई सुविधा शुरू होने जा रही है। इंदौर एयरपोर्ट पर स्थायी काउंटर लगाया जाएगा।

इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर महाकाल मंदिर प्रबंधन समिति का स्थायी काउंटर लगाया जाएगा। इस काउंटर पर श्रद्धालुओं को शीघ्र दर्शन टिकट, भस्म आरती पास, महाकाल लोक भ्रमण, निवास व्यवस्था और परिवहन संबंधी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। एयरपोर्ट सलाहाकार समिति की बैठक में निर्णय लिया था।

एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार, हाल ही में हुई एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया था, दरअसल, इंदौर एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में ऐसे श्रद्धालु आते हैं, जो सीधे उज्जैन में महाकाल दर्शन के लिए जाते हैं। इन यात्रियों को अब मंदिर पहुंचने से पहले ही ऑन-द-स्पॉट टिकट और आवश्यक जानकारी मिल सकेगी।

# एमपी सिपाही भर्ती में दलाल सक्रिय, 6.50 लाख में पास कराने का ऑफर!

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश की भर्ती परीक्षाओं में पास कराने का ठेका लेने वाले दलाल फिर सक्रिय हो गए हैं। इस मामले में इंदौर की रहने वाली एक युवती को एक नंबर से कॉल आया। इसमें 6.50 लाख रुपए में एमपी पुलिस भर्ती 2025 में सिपाही यानी कांस्टेबल भर्ती में पास कराने का दावा किया गया है। कॉल करने वाला खुद को पुलिसकर्मी बताता है। साथ ही, कहता है कि वह पहले विजयनगर इंदौर थाने में था और अब उज्जैन में पदस्थ हूं। मूल रूप से देवास का हूं।

**यह दावे किए जा रहे हैं ऑडियो में**-ऑडियो में दावे किए गए हैं कि वह सिपाही भर्ती में 6.50 लाख रुपए में पास करा देगा। फिजिकल में भी पास करा देगा। आधा पेमेंट अभी देना होगा और आधा बाद में। पूरा काम भोपाल से होता है। इसके पहले की परीक्षा में 29 फाइल यानी लोगों को पास करा चुका हूं।

**इस तरह की बात हो रही है ऑडियो में**
**युवती**- हां आपने मैसेज किया था।
**दलाल**- हां, आपका नंबर तो मेरे पास था पहले भी बात हुई है।
**युवती**- हां मेरी बहन के पास था नंबर, वो आपने परीक्षा के लिए मैसेज किया था, कितना पेमेंट लगेगा?
**दलाल**- 6.50-6.75 तक लगेगा। आधा अभी देना होगा और आधा बाद में
**युवती**- तो फिर परीक्षा पास हो जाएगी, भले ही नंबर नहीं आए?



फाइल फोटो

**दलाल**- हां वही क्वालीफाई कराकर देंगे। फिजिकल भी कराकर देंगे।
**युवती**- कन्फर्म है हो जाएगा, क्या गारंटी है, भले ही कितने नंबर आएं, कुछ नहीं आता हो?
**दलाल**- पूरी गारंटी है, क्वालीफाई कराने की जिम्मेदारी उनकी है। फिजिकल भी कराकर देंगे, बस आपको जाना होगा, बाकी वह निकाल देंगे।
**युवती**- तो क्या मेरिट लिस्ट में नाम आ जाएगा?
**दलाल**- हां पास हो जाएंगे, ट्रेनिंग पर जाना होगा।
**युवती**- क्या पहले कराया है?
**दलाल**- हां अभी 2022 में ही करवाया है, इस बार 29 फाइल करवाई है। मैं अभी भी भोपाल आया हूं चार फाइल का पेमेंट करने के लिए।
**युवती**- भोपाल क्यों?
**दलाल**- सभी काम भोपाल से ही होता है।
**युवती**- ठीक है पापा से बात करके बताती हूं।

इसने खुलकर 10-15 लाख में भर्ती के लिए डील करने की बात कही थी। साथ ही, दावे किए थे कि कई नेताओं और अधिकारियों से संबंध है। वह सब करा देगा। उसी समय उसने सब इंस्पेक्टर भर्ती तक के लिए दावे किए थे कि वह सब करा देगा अभी से इसकी बुकिंग चल रही है। (साभार द सूत्र)

### नंबर पर फोन किया तो यह दिया जवाब

जिस नंबर से युवती को कॉल आया था, इस पर बात की तो किसी अजय नाम के युवक ने उठाया। उसने कहा कि मैं देवास में ही रहता हूं और किसान हूं। मैं पुलिस में नहीं हूं। मेरा मोबाइल गुम हो गया था, अभी मिला है। किसी ने कॉल किया हो तो मुझे पता नहीं, मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।